


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 168 | ग्वालियर गुरुवार, 06 अप्रैल 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### क्या आ गई कोरोना की अगली लहर? एक दिन में दर्ज हुए 4 हजार से ज्यादा मामले



**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आज बुधवार (5 अप्रैल) को नए आंकड़े जारी कर दिए हैं. इन आंकड़ों में भारत में बीते 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस से संक्रमित 4,435 नए मरीजों की पुष्टी हुई है. इसके बाद संक्रमण का इलाज करा रहे मरीजों की कुल एक्टिव संख्या बढ़कर 23091 हो गई है. देश में अचानक से बढ़ रहे कोविड के मामलों में बढोतरी होना शुरू हो गई है. विशेषज्ञों ने इस मामले में नागरिकों को चेताया है और इस वायरस से बचने के लिए जरूरी सावधानियां बरतने की भी सलाह दी है. लखनऊ में 15 नए मामलों के साथ एक दिन में कोविड केस में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज की गई. इसके साथ ही इसमें सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 70 हो गई. इससे पहले पिछले साल 26 अक्टूबर को एक दिन में 17 मामले सामने आए थे. 15 नए मामलों में सबसे ज्यादा अलीगंज से सामने आए, जहां चार पुरुषों और दो महिलाएं कोविड से संक्रमित पाई गईं. दिल्ली सरकार के मुताबिक पिछले 24 घंटों में कोविड के 521 नए मामले सामने आए. पिछले 24 घंटों में कोविड के 521 नए मामले सामने आए साथ ही कुल 216 मामले ठीक हुए. इसके साथ ही राजधानी दिल्ली में कोविड से 3 मरीजों की मौत हो गई. हालांकि सरकार के मुताबिक जिन मरीजों की मौत हुई है उनको अन्य बीमारी भी थी. वहीं सोमवार को राजधानी में एक दिन में 293 नए केस सामने आए थे. कोविड के कारण बढ़े केस में पॉजिटिविटी रेट (प्रति 100 टेस्ट में पॉजिटिव सैंपल) भी 15 दिनों में 0.6 से बढ़कर 1.1 हो गए. मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा, हम वायरस के संचरण को खत्म करने के लिए ध्यान केंद्रित कर रहे हैं. प्रत्येक सकारात्मक मामले के लिए लगभग 50 व्यक्तियों का परीक्षण किया जा रहा है. लोगों को कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करना शुरू करना चाहिए.

### एसपी ने कहा घटना को अंजाम देकर बिहार से बाहर भागे उपद्रवी



बिहारशरीफ में हिंसक झड़प के बाद पुलिस प्रशासन ने सख्त इख्तियार कर लिया है. एसपी अशोक मिश्रा ने बुधवार को कहा कि घटना को अंजाम देकर कुछ लोग बिहार से बाहर भाग भाग चुके हैं. उन्होंने कहा कि टेक्निकल एविडेंस इकट्ठा किया जा रहा है. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बाहर भागे उपद्रवियों पर शिकंजा कसने के लिए एसआईटी टीम बिहार से बाहर भी भेजी गई है. एसपी ने बताया कि कई राज्यों में छापेमारी की जा रही है. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर नामजद आरोपी गिरफ्तार नहीं होते हैं या सरेंडर नहीं करते हैं तो जल्द ही सभी आरोपियों की संपत्ति की कुर्की जब्ती की जाएगी. डीएम शशांक शुभंकर और एसपी अशोक मिश्रा के नेतृत्व में बुधवार को हिंसा से प्रभावित मोहल्ले में भारी संख्या में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया जा रहा है, ताकि शहरवासी डर के साए में न रहे. गौरतलब है कि प्रशासन की ओर से लगातार शांति बहाल करने के लिए अलग-अलग तरीके से लोगों को जागरूक किया जा रहा है.

### जहांगीरपुरी में हनुमान जयंती पर जुलूस की इजाजत नहीं

**नई दिल्ली।** राजधानी समेत देश के कई राज्यों में 30 मार्च को रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हिंसा की खबर आई थी. अब 6 अप्रैल को हनुमान जयंती से पहले दिल्ली पुलिस अलर्ट मोड पर है. दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में विश्व हिंदू परिषद ने शोभायात्रा निकालने का आह्वान किया है. विश्व हिंदू परिषद ने दिल्ली पुलिस से शोभायात्रा निकालने के लिए परमिशन भी मांगी गई है. दिल्ली पुलिस के मुताबिक 2 ग्रुपों ने जहांगीरपुरी में शोभायात्रा निकालने की इजाजत मांगी गई थी, लेकिन लॉ एंड ऑर्डर स्थिति को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने दोनों ही आयोजकों को परमिशन देने से मना कर दिया है. दिल्ली पुलिस ने हनुमान जयंती के मौके पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए है. पुलिस इलाके में दिल्ली पुलिस और पैरामिलिटरी फोर्स के जवान पेट्रोलिंग कर रहे है. इसके अलावा बाइक से भी पेट्रोलिंग की जा रही है. जहांगीरपुरी इलाके के लिए भी पुलिस एकदम सतर्क है. पिछले साल हनुमान जयंती के मौके पर ही जहांगीरपुरी में दंगे हुए थे. इसके पहले जहांगीरपुरी में रामनवमी शोभायात्रा निकालने की इजाजत नहीं दी गई थी, लेकिन फिर भी जुलूस निकाला गया था. देश भर में 30 मार्च को रामनवमी का अवसर मनाया गया था जिस दौरान कई राज्यों में हिंसा देखने को मिली थी. 30 मार्च को गुजरात के वडोदरा में फतेहपुरा इलाके में रामनवमी के जुलूस पर पथराव किया गया. इसके अलावा बंगाल के हावड़ा में भी रामनवमी जुलूस पर पथराव किया गया और वाहनों में अगजनी भी की गई. हालांकि 30 मार्च के बाद भी निकाली गई शोभायात्रा पर पथराव हुआ था.

## हाईकोर्ट का सीएम ममता को निर्देश

# हनुमान जयंती पर सुरक्षा दुरुस्त हो, नहीं तो पैरा मिलिट्री फोर्स बुलाएं

**नई दिल्ली।** रामनवमी के जुलूस के दौरान पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों में दो गुटों के बीच हुई सांप्रदायिक हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट सख्त हो गया है. इसी क्रम उसने राज्य में सत्तारूढ़ ममता बनर्जी की सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए कानून और व्यवस्था को बनाए रखने के निर्देश दिए. हाईकोर्ट ने इस मामले में दायर की गई याचिका की सुनवाई करते हुए कहा, ममता सरकार ये सुनिश्चित करें कि हनुमान जयंती के दौरान निकाले जाने वाले जुलूस में कानून और व्यवस्था की ऐसी स्थिति पैदा नहीं होनी चाहिए. जिन इलाकों में सरकार धारा 144 लगाती है उन इलाकों से किसी भी कीमत में जुलूस नहीं निकलना चाहिए. अगर व्यवस्था को संभालने में राज्य सरकार सक्षम नहीं है तो उन इलाकों में केंद्रीय बलों की तैनाती की जानी चाहिए.

बीते दिनों रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान पश्चिम बंगाल के हुगली और हावड़ा जिलों में हिंसा हुई थी.



राज्य की सीएम ने इस हिंसा को लेकर राज्य में प्रतिद्वंदी दल बीजेपी पर आरोप लगाया. उन्होंने कहा, हुगली और हावड़ा में हिंसा के पीछे बीजेपी का हाथ है. वे बंगाल में हिंसा के लिए अन्य राज्यों से गुंडों को लेकर आए, जो हमारी संस्कृति में नहीं है. वे एक समुदाय को दूसरे के खिलाफ खड़ा कर हिंदू धर्म को बदनाम कर रहे हैं. लेकिन दंगाइयों का कोई धर्म नहीं है, वे महज राजनीतिक गुंडे हैं. मैं हर किसी से शांति बरतने की अपील करती हूं. पूर्व मेदिनीपुर जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का नाम लिये बगैर उन पर निशाना साधा. उन्होंने कहा, बीजेपी ने कहा था कि यदि वह बिहार में सत्ता में आएगी तो दंगाइयों को उल्टा लटका देगी. ममता ने हैरानगी जताते हुए सवाल पूछा कि क्या बीजेपी ऐसा कोई कदम अपने राजनीतिक गुंडो के लिए क्यों नहीं उठा रही है.

## पीलीभीत की बिरयानी के चक्कर में अभी यूपी पुलिस के कितने अधिकारियों पर गिरी गाज

**नई दिल्ली।** उमेश पाल हत्याकांड में अतीक के भाई अशरफ को मदद पहुंचाने को लेकर नैनी जेल के वरिष्ठ जेल निरीक्षक शशिकांत सिंह को निलंबित कर दिया गया है. इससे पहले बांदा जेल के अधीक्षक अविनाश गौतम और बरेली सेंट्रल जेल के जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला को भी निलंबित किया जा चुका है. इन तीनों निलंबित जेल अधीक्षक पर लापरवाही बरतने का आरोप है. बरेली जेल मामले में इससे पहले 5 अधिकारी सस्पेंड किए गए थे.

उमेश पाल अपहरण मामले में जेल में बंद अतीक के भाई अशरफ ने जेल को ही होटल बना लिया था. अशरफ अपनी पसंद का खाना मंगाने से लेकर अपनी पसंद का खाना पकवाया करता था. जेलों के आला पुलिस अधिकारी अशरफ को मना करने के बजाए मदद पहुंचा रहे थे. अब इसी मदद को लेकर इन सभी आला अधिकारियों पार गाज गिरी है. नैनी के जेल अफसर पर कार्रवाई को माफिया अतीक के गुर्गों पर सख्ती न बरतने और उमेश पाल अपहरण और हत्या कांड में सजा सुनाए जाने के बाद अतीक को जेल में एंट्री न देने से जोड़कर देखा जा रहा है. रिपोर्ट्स ये भी दावा करती हैं कि उमेश पाल हत्या की पूरी प्लानिंग बरेली सेंट्रल जेल में हुई. अतीक के भाई अशरफ से जेल में गैंग की मुलाकात कराने के आरोपों में बरेली सेंट्रल जेल के जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला को जिम्मेदार ठहराया गया है. वहीं डिप्टी जेलर दुर्गेश प्रताप समेत 5



अधिकारी को पहले ही निलंबित किया गया है. जेल में अतीक अहमद का भाई अशरफ वॉट्सऐप कॉल के जरिए पूरा मर्डर ऑपरेशन डील करता रहा. जेल में सिपाही से लेकर आला अधिकारी तक अशरफ को मदद पहुंचाते रहे. बिना आईडी पर अशरफ से गुर्गे जेल के स्पेस में मिलते रहे. अतीक के भाई अशरफ अहमद को पीलीभीत के रहने वाले आरिफ की दुकान की चिकन बिरयानी पसंद थी. समय-समय पर वो बिरयानी की मांग करता था. जेल में ही उसे आरिफ की चिकन बिरयानी पहुंचाई जाती थी. जेल की कैंटीन में अशरफ की पंसद का चिकन, मटन, अंडा करी बनाई जाती थी. कई बार जेल में अशरफ की डिमांड पर बिरयानी के अलावा खाने-पीने के अलावा दूसरी चीजें भी पहुंचाई गयी. इतना ही नहीं बिरयानी वाले आरिफ की आईडी से अशरफ से कई लोग जेल में मुलाकात करने आते थे. आरिफ को इस बात की अच्छे से जानकारी थी. अशरफ को गैर कानूनी तरीके से मदद पहुंचाने के जुर्म में बिरयानी वाले आरिफ की भी गिरफ्तारी की गई है. पूर्व विधायक खालिद अजीम उर्फ अशरफ के लिए जेल सिर्फ होटल भर नहीं था, जेल में उसकी सारी डिमांड पूरी की जाती थी. अशरफ की पालतू बिल्ली जेल में उसके साथ ही रह रही थी. उसकी बिल्ली का खास ख्याल रखा जाता था. जेल अधीक्षक से लेकर निचले कर्मचारियों तक अशरफ की हर बात मानते थे. कुछ निचले स्तर के कर्मचारी न चाहते हुए भी जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला की हर बात मानने को मजबूर थे और उन्हें मजबूरन अशरफ की खातिरदारी करनी पड़ रही थी. जेल में अतीक के भाई अशरफ को मदद पहुंचाने को लेकर बरेली पुलिस ने जेल के सिपाही मनोज कुमार गौ?, शिव हरि समेत 11 को अरेस्ट किया गया था. आरोप है कि वह बिना आईडी अशरफ से अतीक गैंग के लोगों की मुलाकात करवाता था. 11 फरवरी को अशरफ ने बरेली जेल में शूटर से मुलाकात भी की थी. 28 मार्च को माफिया अतीक अहमद को उम्रकैद की सजा हुई. इसके बाद उसे नैनी सेंट्रल जेल लाया गया.

## तेलंगाना बीजेपी चीफ संजय बंदी गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** बीजेपी ने दावा किया है कि उसकी तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष बंदी संजय कुमार को एसएससी (सेकंडरी स्कूल सर्टिफिकेट) पेपर लीक के फर्जी मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है. इसके पहले आधी रात को तेलंगाना पुलिस बंदी संजय के करीमनगर स्थित आवास पर पहुंची थी और उन्हें हिरासत में लिया था. तेलंगाना बीजेपी चीफ की गिरफ्तारी पर बीजेपी आईटी सेल के आरोप ने केसीआर सरकार पर हमला बोला है और कहा है इसका अंत अच्छा नहीं होगा. अमित मालवीय ने ट्वीट कर लिखा, आधी रात के ऑपरेशन में, तेलंगाना पुलिस ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बंदी संजय कुमार को पेपर लीक में शामिल होने के मनगढ़ंत आरोपों में गिरफ्तार कर लिया है. केसीआर सरकार के लिए इसका अंत अच्छा नहीं होगा. पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने लिखा, मैं बंदी संजय की कल रात में गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करता हूं. गिरफ्तारी का कारण न बता पाने में पुलिस की विफलता बताती है कि पुलिस एक टूल बन गई है. केसीआर को अपने पापों का हिसाब देना होगा. वहीं, देर रात में हिरासत में लिए जाने के बाद बंदी संजय के ट्विटर अकाउंट से ट्वीट किया गया. बीआरस के अंदर डर समा गया है. पहले उन्होंने मुझे प्रेस कॉन्फ्रेंस करने से रोका और अब वे मुझे देर रात में गिरफ्तार कर रहे हैं. मेरी गलती केवल ये है कि मैने बीआरएस सरकार के गलत कामों पर सवाल उठाया. बीआरएस पर सवाल उठाना बंद मत कीजिएगा, चाहे मैं जेल में ही रहूं. तेलंगाना बीजेपी चीफ की गिरफ्तारी के खिलाफ पार्टी राज्य व्यापी प्रदर्शन कर रही है. बुधवार दोपहर में जब पुलिस बंदी संजय को मेडिकल चेकअप के लिए ले जा रही थी तो बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पुलिस वाहन का रास्ता रोकने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।

## भारत में घुसने की कोशिश कर रहा था पाकिस्तानी, जवानों ने दबोचा

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने गुजरात के बनासकांठा जिले से लगने वाली सीमा से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है. बीएसएफ ने बुधवार को ये जानकारी दी है. बीएसएफ की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सुरक्षा बलों ने मंगलवार को एक व्यक्ति को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करते देखा. सुरक्षा बलों की निगाह में



आया जिसे बनासकांठा जिले में सीमा चौकी (बीओपी) नदेश्वरी के पास एक द्वार से नीचे उतरा, उसे पकड़ लिया गया. बीएसएफ गुजरात फ्रंटियर की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, व्यक्ति की पहचान पाकिस्तान में नगरपारकर के निवासी दया राम के तौर पर हुई है. उसे बाड़ के भारतीय हिस्से में प्रवेश करने के लिए, एक बाड़ द्वार पर चढ़ते हुए देखा गया था.

### बीएसएफ जवानों पर स्थानीय लोगों ने बरसाए फूल

नई दिल्ली। कर्नाटक में 10 मई को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है. इस बीच तमाम राजनीतिक पार्टियां चुनावी रण में उतरने की तैयारी कर रही है. चुनावों की तैयारियों के बीच प्रदेश की विधानसभा सीटों पर बीएसएफ जवानों की तैनाती शुरू हो गई है. इस दौरान एक अद्भुत नजारा देखने को मिला है जब कर्नाटक के कोलार जिले में पहुंचे बीएसएफ के जवानों पर आम लोगों ने फूलों की बरसात की. अपनी-अपनी छतों और बालकनियों में खड़े लोग बीएसएफ जवानों की टीम पर फूल बरसाते दिखाई दिए. एक छोटी बच्ची जवानों को गुलाब का फूल देती नजर आई. सोशल मीडिया पर यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है और लोग इसकी खूब तारीफें भी कर रहे हैं. कर्नाटक में मुख्य मुकाबला बीजेपी और कांग्रेस के बीच माना जा रहा है हालांकि जनता दल सेक्युलर भी दोनों पार्टियों को कड़ी चुनौती देती नजर आ सकती है. कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बीजेपी पूरे 224 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करेगी. वहीं इस बार एआईएमआईएम ने भी प्रदेश के करीब 25 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है. इस बार आम आदमी पार्टी भी कर्नाटक विधानसभा चुनावों में एंट्री लेने जा रही है. ऐसे में इस बार का मुकाबला काफी दिलचस्प होता नजर आ रहा है.

### सिंधिया के हमले पर कांग्रेस का पलटवार

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी की सांसदी जाने पर विरोध प्रदर्शन को लेकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने निशाना साधा तो कांग्रेस ने पलटवार किया है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कौन किस पर दबाव डाल रहा है, ये समझना चाहिए. वहीं, अधीर रंजन चौधरी ने सवाल किया कि ज्योतिरादित्य सिंधिया बताएं कि उनकी मांग क्यों गलत है. राहुल गांधी की सदस्यता जाने पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बड़ा बयान दिया था. सिंधिया ने कहा कि राहुल गांधी कानून से ऊपर नहीं हैं. उन्होंने कहा, कांग्रेस लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर रही है.

**कोर्ट** | केरल हाईकोर्ट में इस फैसले के खिलाफ सिंगल बेंच में याचिका दायर की थी

# राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर नागरिकों की आवाज दबा रही सरकार

**नई दिल्ली।** देश की सुप्रीम कोर्ट ने मलयालम न्यूज चैनल पर केंद्र सरकार के लगाए गए बैन को यह कहते हुए हटा दिया कि सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर देश के नागरिकों के अधिकार नहीं कुचल सकती है. सुप्रीम कोर्ट ने मलयालम न्यूज चैनल की विशेष याचिका में यह आदेश पारित किया. इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हेमा कोहली की पीठ ने केंद्र सरकार के इस तर्क को खारिज कर दिया जिसमें चैनल को बैन करने की बात के पीछे राष्ट्रीय सुरक्षा का तर्क दिया गया था. याचिका को सुनते हुए कोर्ट ने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा के दावे हवा में नहीं किए जा सकते हैं इसके समर्थन में ठोस सबूत होने चाहिए. मीडिया वन टीवी को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस चैनल को सिक्योरिटी क्लीयरेंस देने से मना कर दिया था, इसके बाद सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इस



चैनल का ब्राडकॉस्ट लाइसेंस रिन्यू करने से मना कर दिया था. 9 फरवरी को इस कंपनी ने केरल हाईकोर्ट में इस फैसले के खिलाफ सिंगल बेंच में याचिका दायर की थी जिसे केरल हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था. इसके बाद कंपनी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था. सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर इस पर उनका जवाब मांगा था. जिस पर केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए वकील ने कोर्ट को सीलबंद लिफाफे में अपना पक्ष दिया. इस बात पर नाराजगी जताते हुए अदालत ने कहा, सीलबंद लिफाफे में अपना जवाब देना न्याय मांग रहे याचिकाकर्ता को अंधेरे में लड़ने के लिए छोड़ देने जैसा है और यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के खिलाफ भी है. सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के बैन को रद्द करते हुए कहा, मजबूत लोकतंत्र के लिए एक स्वतंत्र और निडर प्रेस का होना बहुत जरूरी है.

# गांव, कस्बें एवं नगरों में पहुंचकर प्रचार-रथ कर रहा है शासन की उपलब्धियों और योजनाओं का प्रचार प्रसार



शिवपुरी मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना, मध्यप्रदेश शासन की 3 वर्ष की उपलब्धियों एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार रथ द्वारा जिले के विकासखण्ड करैरा एवं पिछोर के गांव, कस्बों एवं नगरों में व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।प्रचार रथ ने अब तक विकासखण्ड शिवपुरी, कोलारस, बदरवास, खनियाधाना, करैरा एवं पिछोर क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं नगरों का भ्रमण कर प्रचार प्रसार कार्य किया है। गतदिवस इस प्रचार रथ ने करैरा एवं पिछोर नगर के पोस्ट ऑफिस पिछोर, डाक बंगला सर्किल पिछोर, बस स्टेण्ड करैरा, एसडीओ ऑफिस पिछोर, ग्राम करही, जनपद पंचायत करैरा का भ्रमण किया। बुधवार को प्रचार रथ के माध्यम से नरवर के पिपलखाडी, ख्याबदा, मगरौनी,फॉरेस्ट चौकी, बस स्टैंड,कृषि मंडी में मध्य प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और जन कल्याणकारी योजनाओं का एलईडी के माध्यम से प्रचार प्रसार किया। जनसंपर्क संचालनालय द्वारा प्रदेश सरकार की 3 वर्ष की उपलब्धियों, लाडली बहना योजना एवं अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए तैयार करवाए गए इस प्रचार रथ द्वारा एलईडी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

# दिन भर चली यातायात थाने के सामने चालानी कार्यवाही करीबियों को छोड़ गरीबो पर चालान

## यातायात प्रभारी ने फोन पर छोड़ी बिना कागजो की गाड़ियां

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी के नए यातायात थाने की हैं जहाँ यातायात पुलिस द्वारा सुबह से ही चलानी कार्यवाही की गई जिस पर यातायात पुलिस द्वारा चार दर्जन से अधिक लोडिंग वाहन और चार दर्जन से अधिक दो पहिया वाहनों को पकड़ा जिस के बाद यातायात प्रभारी पर लगातार छोटे-बड़े नेताओ ओर पत्रकारो के फोन आनें का सिलसिला शुरू हो गया कुछ नेता और पत्रकार तो अपने अपने लोगो की गाड़िया छुड़ाने के लिए थाने पर ही पहुच गए और ऐसे लोगो की गाड़ियों को छुड़ा कर ले गए जिन के पास न तो गाड़ियों के कागज थे और न ही उनकी गाड़ियों पर नंबर प्लेट लगी हुई थी जिस के बाद भी यातायात प्रभारी ने अपने नम्बर बनाने के लिए उनकी गाड़ियों को छोड़कर उन लोग पर कार्यवाही की जिनके पास कागज भी थे। लेकिन अपने आप को अधिकारियों के सामने दबंग यातायात थाना प्रभारी बताने के लिए गरीब लोग को अपने जाल मैं फसाया ओर कार्यवाही की जो लोग दिन भर मैं पांच सात सौ रुपये कमाकर अपना ओर अपने घर का भरण पोषण करते हैं ऐसे लोगों पर कार्यवाही कर वाहवाही लूटने वाले यातायात थाना प्रभारी उन लोगों का चालान क्यों नहीं करते जो इनको महीने में बंधी देकर जाते हैं



जब सब की लोडिंग गाड़िया रोकी आई तो महावीर ट्रांसपोर्ट की लोडिंग क्यो नही रोकी गई-जिस समय यात्रा थाना के पुलिसकर्मी मालवाहक लोडिंग गाड़ियों को रोक रहे थे और दोपहिया वाहन गाडियों को रोक रहे थे उसी समय महावीर ट्रांसपोर्ट की गाड़ी भी उन्हीं के सामने से निकली जिस पर उसने बोला कि मेरी पिक अप महावीर ट्रांसपोर्ट वालों की है तो उस पिकअप को तुरंत छोड़ दिया गया और गरीब लोगों की गा्ड़ियों को पकड़कर उन **पर चालानी कार्यवाही यातायात प्रभारी द्वारा की गई-**पोहरी बाईपास पर कोतवाली थाना पुलिस ने की चलानी कार्रवाईएक तरफ जहां यातायात थाना चालानी कार्यवाही कर रहा था उधर दूसरी तरफ पोहरी चौराहे पर कोतवाली थाना पुलिस चालानी कार्रवाई करने में व्यस्त थी जहां पर फिजिकल थाना में पदस्थ कॉन्स्टेबल के लड़के का कोतवाली थाना पुलिस ने रु2300 का चालान किया ।

**विधानसभा चुनाव में पैसे देना है इसलिए कर रहे मनमानी-**वहीं आम जनता का कहना है कि आने वाले समय में विधानसभा के चुनाव हैं जिसके लिए सभी थानों से पैसे इकट्ठे कर नेताओं के घर भेजे जाएंगे जिससे वह चुनाव लड़ेंगे सत्ताधारी पार्टी इन सभी पैसों का इस्तेमाल अपने चुनाव में करेंगे और ऐसे ही गरीब जनता को लूटने का काम सरकार करती रहेगी जिसका माध्यम पुलिस रहेगी

# नाबालिक बच्ची से बलात्कार करने वाले बालक को 06 घण्टे के अंदर पुलिस किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** जिले के थाने सुभाषपुरा पर संगीता आदिवासी पत्नि रामू आदिवासी उम्र 30 साल निवासी भानगढ थाना सुभाषपुरा ने मय अपने पति रामू आदिवासी व अपनी लडकी के साथ थाने पर उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट किया कि लगभग 10 दिन पहले ग्राम बारा मे अपने भाई रामवीर आदिवासी के यहा पर गेंहू की फसल कटवाने के लिये गयी थी एवं अपने सभी बच्चो को साथ लेकर गयी थी । मेरे भाई रामवीर आदिवासी की साली गैलो आदिवासी का लडका जो कि बारा मे ही रहता है मेरे भाई रामवीर के घर पर ही रूका था ने रात को मेरी लड़की के साथ बलात्कार किया । उपरोक्त रिपोर्ट पर से अपराध क्रमांक 44/23 धारा 376 (ए)(बी) भादवि, 5(एम)(एल) पाक्सो एक्ट मे कायम कर विवेचना मे लिया गया दौराने विवेचना श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री रघुवंश सिह एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण सिंह भूरिया के मार्गदर्शन एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय श्री अजय भार्गव के निर्देशन में विधि विरूद्ध बालक को कायमी के 06 घण्टे के अंदर पुलिस हिरासत मे लिया गया ।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुभाषपुरा उनि सुनील सिंह राजपूत, सउनि आर.क. सगर, प्रआर. 197 अभय सिंह, प्रआर 99 महेश दत्त शर्मा, आरक्षक 456 हरी सिंह, आर0 726 रामपाल जाट, आर0चा0 27 सोनू गुर्जर, आर0 854 राहुल की अहम भूमिका रही ।

# के बाय सी अपडेशन को लेकर जिला प्रशासन अधिकारियों ने खाना पूर्ति

**मुंगावली -दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**संवाददाता जितेंद्र राय**

बुधवार को लाडली बहिना योजना में के बाय सी अपडेशन को लेकर जिला प्रशासन ने निरीक्षण किया, यह निरीक्षण सभी केंद्रों और बैंको के माध्यम से संपन्न हुआ।एक तरफ सरकार अपनी योजना का प्रचार प्रसार कर रही है तो बही दूसरी ओर ये योजना जिले में फिसड्डी साबित हो रही है जिले की मुंगावली तहसील की बात करे तो प्रतिदिन महिला बैंको के चक्कर लगा रही है और हजारों महिलाओं ने एक बार नही कई बार के बाय सी अपडेशन का फॉर्म बैंको को दिया परंतु उनके हाथ निराशा आज भी बनी हुई है और स्थिति जस की तस है।भारतीय स्टेट बैंक मुंगावली में सबसे ज्यादा महिलाएं परेशान है परंतु उनकी कोई सुनवाई आज दिनांक तक नही हुई, बैंक प्रबंधन के अनुसार होम ब्रांच के खाते की के बाय सी प्रतिदिन होती है परंतु टायनी खाते जो कियोस्क



के माध्यम से खोले गए है उनको सप्ताह में सिर्फ एक दिवस बुधवार मिलता है, प्रति बुधवार महिलाए सुबह आठ बजे से लाइन में लगती है और उनके दस्तावेज ब्रांच में जमा होते है परंतु तीन सप्ताह बाद भी महिलाए पीड़ित है क्योंकि उनके फॉर्म जो लाडली बहिना योजना के है बह बिना के बाय सी के आंगनबाड़ी द्वारा निरस्त कर दिए जाते है।इसका जायजा जब जिला अधिकारियों ने लिया तो सभी गोलमोल ज़बाब मीडिया को देते नजर आए, गरीब महिलाए जिनके खाते कियोस्क द्वारा संचालित है बह मजबूरी में सुबह से शाम तक धक्के खाने को मजबूर है, हद की बात तो ये है की जिन महिलाओं को ग्राम में सेवा हेतु कियोस्क दिए गए बह भी धड़ल्ले से बैंक परिसर में बेखौफ संचालित हो रहे है जिसकी कई बार शिकायत भी की गई , अगर ये कियोस्क नियमित रूप से ग्राम में संचालित हो तो ग्रामीण महिलाओं को किराया और समय दोनो से निजात मिल सकता है परंतु शासन की योजना अब मुंगावली में मजाक बनती नजर आ रही है और अधिकारी मौन बने हुए है।

# पुलिस थाना पिछोर ने ग्राम कछौआ से चाची की मारपीट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया



**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**

**पिछोर,** आरोपी मान सिंह रजक करता था ग्राम कछौआ में शराब पीकर उपद्रव। पुलिस अधीक्षक रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी पिछोर प्रशांत कुमार शर्मा के निर्देशन में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही का अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में थाना पिछोर टी आई गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस थाना पिछोर की टीम ने ग्राम कछौआ से मान सिंह रजक को गिरफ्तार किया ।मान सिंह रजक के विरुद्ध उसकी चाची विनीता रजक ने मारपीट व गाली गलौज करने की रिपोर्ट थाना पिछोर में की थी ।पुलिस थाना पिछोर की टीम ने तत्काल कार्यवाही करते हुए धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार किया। मान सिंह रजक शराब पीकर आए दिन गांव में झगड़ा करता था जिसे एसडीएम कोर्ट पिछोर में पेश किया गया उसे 25000 रुपये की जमानत मुचलके पर इस शर्त पर पाबंद कर रिहा किया गया कि आइंदा झगड़ा करेगा तो उसे 6 महीने के लिए जेल भेजा जाएगा या 25000 रुपये नगद जमा करने पड़ेंगे । थाना पिछोर की टीम में एसआई विनोद शर्मा ,एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान , प्रधान आरक्षक संतोष यादव ,आरक्षक कमल सिंह मांझी , सैनिक दीपेश शर्मा ,नगर रक्षा समिति के सदस्य बालकिशन लोधी शामिल रहे ।

# नेशनल लोक अदालत 13 मई को



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 13 मई 2023 को नेशनल लोक अदालत लगायी जायेगी। नेशनल लोक अदालत में चिन्हित किए गए प्री-लिटिगेशन न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों को निराकरण के लिए रखा जायेगा।प्री लिटिगेशन के अंतर्गत एनआई एक्ट केस अंडर सेक्शन 138, मनी रिकवरी केस, लेबर एंड एंप्लॉयमेंट डिस्प्यूट् केस, इलेक्ट्रिसिटी, वॉटर बिल एंड अदर बिल पेमेंट (एक्सक्लूजिंग नॉन कंपाउंडेबल), मेंटेनेंस केस, अदर क्रिमिनल कंपाउंडेबल एंड अदर सिविल डिस्प्यूट, प्लेस स्पेसिफाइ लिस्टेड केस रहेंगे।इसी तरह न्यायालय में लंबित प्रकरणों में क्रिमिनल कंपाउंडेबल अफेन्स, एनआई एक्ट केस अंडर सेक्शन 138, मनी रिकवरी केस, एमएसीटी केस, लेबर डिस्प्यूट् केस, डिस्प्यूट्स रिलेटेड टू पब्लिक यूटिलिटी सर्विस सच एस इलेक्ट्रिसिटी एंड वॉटर बिल एक्सक्लूजिंग नॉन कंपाउंडेबल मैट्रिमोनियल डिस्प्यूट एक्सेप्ट डिवोर्स, लैंड एक्विजिशन केस, पेंडिंग बिफोर सिविल कोर्ट/ ट्रिब्यूनल सर्विस मैटर्स इंक्लूडिंग पेंशंस केस, रिन्यूअल केस, पेंडिंग एंड डिस्ट्रिक कोर्ट एंड हाई कोर्ट ओनली, अदर सिविल केस में रेंट, ईजीमेंटरी राइट्स इंजंक्शन सूट्स स्पेसिफिक परफॉर्मेंस सूट्स आदि से संबंधित प्रकरण रखे जायेंगे

# फोरलेन हाइवे पर आज शाम सवारियों से भरी तीन पहिया टैक्सी में ट्रक ने पीछे टक्कर मार दी

**हरिओम चतुर्वेदी। ब्यूरो रिपोर्ट**



**शिवपुरी जिले के दिनारा थाना** क्षेत्र अंतर्गत फोरलेन हाइवे पर आज शाम सवारियों से भरी तीन पहिया टैक्सी में ट्रक ने पीछे टक्कर मार दी। इस हादसे में टैक्सी में सवार सभी लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए शिवपुरी सहित झांसी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार टैक्सी में करीब 11 सवारी बैठी हुई थी। यह टैक्सी करैरा की दिनारा की ओर जा रही थी। यह हादसा दिनारा थाना क्षेत्र के बेटू सर्विस सेंटर के पास घटित हुआ। जहां टैक्सी में पीछे से एक ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से टैक्सी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में सभी सवारी घायल हुई है।सवारियों का कहना है एकाएक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी थी जिससे सभी सवारी घबरा गई थी दुर्घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक स्टाफ मौके से फरार हो गया। दिनारा थाना पुलिस ने ट्रक को जप्त कर हादसे की जांच शुरू कर दी है।

# बजरंग दल हनुमान जी की शोभायात्रा निकालेगा




**ग्वालियर।** बजरंग दल 6 अप्रेल को पडने वाली हनुमान जन्मोत्सव पर ग्वालियर शहर में भगवान हनुमान जी की भव्य शोभा यात्रा का आयोजन करेगा। यह जानकारी विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष पप्पू वर्मा ने दी7 उन्होने कहा कि हनुमान जन्म उत्सव पर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल भव्य शोभा यात्रा का आयोजन कर रहे है। जो पंचमुखी हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर आपागंज, गा?वे चौराहा, माधवगंज थाना, गोरखी स्काऊट से महाराज बा? हनुमान मंदिर पर सम्पन्न होगा। पप्पू वर्मा ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव पर ग्वालियर के सभी मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ किया जायेगा। तत्पश्चात दोपहर 01:00 बजे सभी प्रखण्डो के कार्यकर्ता पंचमुखी हनुमान मंदिर पर पहुँचकर शोभा यात्रा निकालेंगे। इस अवसर पर उन्होने खुलासा किया की बजरंग दल सेवा ओर सुरक्षा के आधार पर काम करता है। बजरंग दल की स्थापना राम जानकी रथ की सुरक्षा के लिये की गई थी। जब यू.पी. सरकार ने एक बार इसके लिये सुरक्षा देने से इन्कार कर दिया था। तब संतो ने विश्व हिन्दू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल की स्थापना की।

# पति हैं ए क्लास श्रेणी के ठेकेदार मनमुताबिक चल रही नगरपालिका

## जर्जर हो चुकी सडक़ों को अनदेखा कर रहे नपाध्यक्ष गुप्ता

**पुष्पांजली टुडे**
**ब्यूरो रिपोर्ट सोनू श्रीवास्तव**

**गुना।** नगरपालिका गुना द्वारा एक नये तरीके के साथ सडक़ों का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसमें कम मटेरियल और खर्च ज्यादा आएगा। इन सडक़ों को बनाने का खर्चा जनता से ही वसूला जाएगा। नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता शहर की जर्जर सडक़ों को अनदेखा कर रहे है। यदि इन सडक़ों को बनाया जाएगा, तो मटेरियल तो ज्यादा लगेगा ही इन पर खर्चा भी उतना ही होगा, जितना नई सडक़ें बनाने में किया जाता है। नगरपालिका अध्यक्ष ने कई वार्डों में सडक़ों और नालियों के भूमि पूजन तो कर दिये, लेकिन उन वार्डो को अनदेखा कर रहे हैं, जहां इनकी सबसे ज्यादा जरूरत है तो वहीं पीएम आवास योजना की बात करें तो वास्तविक हितग्राहियों के हाथ अभी तक खाली पड़े हुए हैं।वास्तविक हितग्राहियों के खाते में अब तक पीएम आवास योजना की पहली किशत तक नहीं भेजी गई है।

**हितग्राही काट रहे नगरपालिका के चक्कर-** वहीं नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा नगरपालिका कर्मियों पर दबाव डाला जा रहा है। जब तक पार्षद नहीं कहेंगे तब तक किसी भी हितग्राही को किशत नहीं डाली जाएगी।

**शहर में ऐसे भी वार्ड जहां सककें खो चुकी हैं अपना अस्तित्व-**कई बार रहवासियों ने भी प्रशासन सहित नगरपालिका में सडक़े बनवाने के लिए आवेदन दिया, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं की गई। वहीं वार्ड 28 भोगीराम कालोनी घोसीपुरा की बात करें तो वर्षो पहले यहां सीसी सडक़ का निर्माण किया गया था। बारिश के दिनों में सडक़ ने दम तोड़ दिया। वहीं नेशन स्कूल के पास बनी पुलिया की रैंलिंग ही बारिश में ढह गई, जबकि इसके पास एक प्रायवेट स्कूल भी संचालित होता है। बिना रैलिंग की पुलिया होने से कई वाहन चालक इसमें गिरकर घायल हो रहे हैं।

**कई बार अखबारों में हुई खबरें प्रकाशित-** नगरपालिका के संबंध में अखबारों और चैनल के माध्यम से भी शहर के हालात बयां किए गए लेकिन नगरपालिका अध्यक्ष और कर्मचारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया गया।

**जहां जरूरत नहीं, वहां सडक़ों के किये जा रहे हैं भूमिपूजन-**हाल ही में नपाध्यक्ष ने कई वार्डों में सडक़ों और नालियों का भूमिपूजन किया है। इनमें से कई वार्ड ऐसे हैं जहां सडक़ें ठीक-ठाक स्थिति में हैं, लेकिन जहां सबसे ज्यादा जरूरत है वहां से नपाध्यक्ष अपनी निगाहें फेर रहे हैं, क्योंकि इन सडक़ों को बनाने के लिए ज्यादा मटेरियल लगेगा और खर्चा उतना ही बैठेगा। साफ सडक़ों को दोबारा बनाने के लिए कम मटेरियल और ज्यादा खर्च की मंशा से नपा कार्य कर रही है।

### नपाध्यक्ष पति अरविंद गुप्ता ए-क्लास के हैं ठेकेदार

हम आपको बता दें कि नपा अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ए क्लास श्रेणी के ठेकेदार हैं जिसमें उन्हें पता भी है कि नगरपालिका द्वारा किस तरह से टेंडर लिया जाता है और सडकों में कम मटेरियल कैसे इस्तेमाल किया जाता है और खर्चा कैसे बढ़ाया जाता है उन्हें इन सबका ज्ञान है। उन्होंने गुना नपा से मिले कई सडक कार्यों, नाली निर्माण कार्य किये हैं। शहरवासी उन्हें एक बड़े ठेकेदार के नाम से भी जानते हैं।

## वार्ड नंबर 13 के पार्षद सुल्तान मौर्य के निज निवास पर लाडली बहना के फार्म भरवा दे मोहन नगर परिषद के कर्मचारी गण



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़**

वार्ड क्रमांक 13 द्वारकापुरी में लाडली बहना योजना के फार्म भरे जा रहे हैं यह बात वार्ड नंबर 13 के सुल्तान मौर्य पार्षद ने कही और उन्होंने घर घर जाकर कई माता बहनों से फार्म भरने के लिए भी आग्रह किया अभी तक नगर परिषद मौ में कुल4500 मैं से 2300 फार्म भर चुके है शासन की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है इस योजना में 55 परसेंट काम नगर परिषद में हो चुका है जारी रहेगा पूरा अप्रैल का महीना है कर्मचारियों में सुरेश जाटव ए आर आई लेखा सहायक रविन्द्र सेंगर जी सुनीता जी आगनबाड़ी कार्यकर्ता संजू राठौर सीमा मौर्य जी एवं वार्ड नंबर 13 की महिला उपस्थित रही

# गांधी चौपाल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** राज्यपाल के नाम अपर कलेक्टर भिण्ड को दिए गए ज्ञापन में एक तरफ म.प्र. सरकार लाड़ली बहना योजना चला रही है उसके विपरीत मैं बिजली विभाग के अधिकारियों के द्वारा अनाप-शनाप बिल देकर मनमाने तरीके से बसूली की जा रही है। इसका सर्वे करवाकर इसे ठीक कराया जाये ।प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर जिस प्रकार से आह्वान किया गया था कि हर गरीब, मजदूर को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलेगा, जो कि कुछ चुनिंदा लोगों को देकर उसमें काफी भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जरूरतमंद लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है ।भिण्ड सदर बाजार में जो 5 फीट के डिवाइडर बने थे यदि वो ठीक थे तो बने रहने देते यदि ठीक नहीं थे बनाये गये इस तरह नगरपालिका प्रशासन भिण्ड द्वारा जनता के पैसों को बर्वाद किया गया । आज नई सड़कें बनाई जा रही हैं, उसमें जल निकासी की व्यवस्था नाली नहीं बनाई जा रही हैं जो कि गुणवत्ताहीन हैं ।भिण्ड नगर पालिका में कई ऐसे वृद्ध लोग हैं जो पेंशन के लिए परेशान हो रहे हैं, अधिकारी उनकी सुन नहीं रहे हैं चाहे वह विधवा पेंशन हो, विकलांग पेंशन



हो, नगर पालिका में भ्रष्टाचार का आलम व्याप्त है। समस्या का शीघ्र निराकरण कराया जाये नहीं तो कॉग्रेस पार्टी द्वारा जनता के साथ आंदोलन किया जावेगा ।कांग्रेस गांधी चौपाल जिला प्रभारी अरविंद सोनी,दीपचंद तिवारी एडवोकेट,राजेश कुमार शाक्य,वीर प्रकाश श्रीवास्तव, विजय गोयल ,बीरेन्द्र यादव अरविन्द सोनी,मनोज कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रह

## मध्यप्रदेश में वीजा कार्यालय खोलने हेतु श्री सिंधिया से मिले डॉ. रमेश दुबे

### डॉ. दुबे ने प्रधानमंत्री पर लिखी गई पुस्तक की भेंट



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ रमेश दुबे ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय पहुंचकर केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया से शिष्टाचार भेंट की और मध्यप्रदेश में वीजा कार्यालय खोलने हेतु आग्रह किया।डॉ दुबे ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया को मांग पत्र देते हुए आग्रह किया कि मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के लोगों को वीजा बनवाने के लिए दिल्ली या अहमदाबाद जाना पड़ता है, कई मशक्कतों के बाद उनका वीजा बन पाता है, इस समस्या से निजात दिलाने के लिए एक नवीन वीजा कार्यालय मध्यप्रदेश में खोला जाए, यदि नवीन कार्यालय मध्यप्रदेश में खोला जाता है तो दोनों प्रदेश के 110 जिलों को लाभ होगा और लोगों को दिल्ली एवं अहमदाबाद नहीं जाना पड़ेगा।उन्होंने कहा कि वीजा कार्यालय मध्यप्रदेश में खोले जाने से मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के छात्रों को विदेश में शिक्षा ग्रहण एवं रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, लोगों को बहुत सहूलियत मिलेगी, श्रीमंत सिंधिया ने डॉ दुबे के आग्रह पर सहमति जताते हुए कहा कि जल्द ही इस विषय पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय कार्यवाही करेगा।शिष्टाचार भेंट के दौरान डॉ रमेश दुबे ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया को ÷मोदी ञ्च 20÷ नाम की पुस्तक भेंट की और भिण्ड जिले में पधारने हेतु निवेदन किया,जिस पर श्रीमंत सिंधिया ने सहर्ष हामी भरते हुए कहा कि भिण्ड सहित समूचा ग्वालियर - चम्बल अंचल मेरा परिवार है,भला मैं कैसे दूर रह सकता हूँ, मैं जल्द ही अवश्य आऊंगा और अपने परिवार से मिलूंगा, साथ ही केंद्रीय मंत्री ने डॉ रमेश दुबे से भिण्ड के विकास पर चर्चा की और सभी की कुशलक्षेम जानी।

# पूर्व अधिकारी कर्मचारी कांग्रेस की बैठक संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस पूर्व अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन शहर जिला कांग्रेस कार्यालय में हुआ बैठक की अध्यक्षता शहर अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने की मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष रामप्रकाश यादव शामिल हुए। उक्त बैठक में कर्मचारियों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई बैठक को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा कर्मचारियों की हितेषी है समय-समय पर कर्मचारियों को उचित वेतनमान का लाभ दिया है जहां कांग्रेस सरकार हैं उन प्रदेशों में कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दी जा रही है।बैठक में बोलते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष रामप्रकाश यादव ने कहा बीजेपी सरकार की कथनी करनी में अंतर है वह कर्मचारियों को 38 परसेंट डी ए की बात तो करती है लेकिन 33 परसेंट देती है बीजेपी की सरकार अंग्रेजों की तरह डिवाइड एंड



रूल अपनाती है।बैठक का संचालन करते हुए जिला अध्यक्ष मोहन सिंह कुशवाह ने कहा बीजेपी की सरकार कर्मचारी विरोधी सरकार बन गई है जिस प्रकार रोटी को अदल बदल के बनाना पड़ता है, तभी वह अच्छी तरह सीखती है ऐसे ही हमें सरकार को भी बदलना है ताकि आने वाली कांग्रेस सरकार कर्मचारियों के हितों में काम कर सके बैठक को संतोष त्रिपाठी,कल्पना प्रदीप मिश्रा, योगेंद्र सिंह नोनेरा, उमाशंकर खरे ,जसवंत सिंह तोमर, वीर सिंह नरवरिया ,राजेंद्र सिंह कुशवाह, नारायण स्वरूप शर्मा ने संबोधित किया । बैठक में प्रमुख रूप से विजय दैपुरिया, केसी शर्मा ,डीएन मिश्रा, एस भदोरिया, राजेंद्र सिंह राजावत ,धीरज सिंह तोमर, देवेंद्र भदोरिया, चंद्रभान सिंह राजावत, रणबीर सिंह गुर्जर, मुरारीलाल मुन्ना लाल दीक्षित, गणेश चंद दीक्षित, कारीगर दीक्षित, राजवीर सिंह नरवरिया, संत कुमार जैन, जनवेद नरवरिया ,जनक सिंह नरवरिया, महावीर प्रसाद शर्मा, दशरथ सिंह यादव,शैलेंद्र बाजपेई,शेर सिंह कुशवाहा,शेर सिंह भदोरिया,सहदेव सिंह सिंह भदौरिया आदि शामिल हुए।

## मेहगांव क्षेत्र के 8 ग्राम पंचायतों में आयोजित होगी ग्राम चौपाल एवं ध्वज यात्रा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शर्मा एवं मोर्चा के जिला अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह के आव्हान पर 6 अप्रैल को भाजपा की स्थापना दिवस पर मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत हारीक्षा से हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया जाएगा इसी के साथ 10 बजे किसान चौपाल एवं ध्वज यात्रा का आयोजन होगा।भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय देवरिया एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य उपेंद्र सिंह भदौरिया रज्जान ने संयुक्त रूप से बताया की सुंदरकांड की सुंदर प्रस्तुति के साथ किसान मोर्चा मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मैं यात्रा आयोजित की जाएगी और केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता गण ग्राम चौपालों को संबोधित करेंगे।भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राम पंचायत हारीक्षा किसान चौपाल के लिए कार्यकर्ता पार्टी का ध्वज लेकर क्षेत्र के ग्राम लिलोई श्यामपुरा सुबह 11 ग्राम सिकरौदा 12 बजे, ग्राम चपरा 1 बजे, 2 बजे कृपे का पुरा, लालपुरा 3 बजे, शाम 4 बजे राऊपूरा, शाम 5 बजे ग्राम राजगढ़िया कल्याणपुरा, पहुंचेगी। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के समस्त प्रदेश कार्यसमिति पदाधिकारी कार्य समिति के सदस्य पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता गणजनप्रतिनिधि विशेष रूप से शामिल होंगे।

## सुखदेव मामावास बने गुजरात भाजपा प्रजापति विचारधारा अहमदाबाद के विभाग संयोजक



**पुष्पाजंली टुडे**

पाली ÷जिले के सोजत तहसील के गांव मामावास के मूल निवासी सुखदेव हजारीराम प्रजापत राठोलिया को गुजरात भाजपा प्रजापति विचारधारा के अहमदाबाद का विभाग संयोजक नियुक्त किया गया7 सुखदेव भाई एच प्रजापति वर्तमान में अखिल भारत हिन्दू महासभा गुजरात प्रदेश के संयोजक मंत्री भी है 7 इनके अलावा जवरीलाल प्रजापत कुंडलवाल धीनावास को राजकोट विभाग संजोजक , नरेश कुमार डूंगाराम प्रजापत आरोलिया सारण को जामनगर विभाग संयोजक,सोहनलाल सेसाराम प्रजापत हिंगावास को सूरत विभाग संयोजक नियुक्त किया गया7 इनकी नियुक्ति गुजरात भाजपा प्रजापति विचारधारा के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वरभाई एम प्रजापति मुखी महाराज ने की7 यह जानकारी महादेव युवा मंडल,मामावास के अशोक प्रजापत राठोलिया मामावास ने दी

## जन अभियान परिषद रौन की प्रस्फुटन व नवांकुर संस्था लाडली बहना योजना फार्म भरने में कर रहा है सहयोग

### पंछियों को पानी पीने हेतु टांगे साकोरे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**रौन (भिण्ड)।** म.प्र. जन अभियान परिषद रौन के ब्लॉक समन्वयक जय प्रकाश शर्मा के निर्देशन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति दौलतपुरा सानी, मोरखी, एवं विस्वारी में नवांकुर संस्था खुशबू साहित्यिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था से डॉ शिवेंद्र सिंह एवं परामर्शदाता हरीबाबू शर्मा निराला द्वारा ग्रामों में प्रस्फुटन समितियों के साथ बैठक कर कार्यो पर चर्चा की गई। समिति के द्वारा गांव में लाडली बहना योजना अंतर्गत फार्म भरने एवं ई केवाईसी कार्य में किए जा रहे कार्य की जानकारी ली। गांव में पंछी प्याऊ हेतु सकोरे टांगे गए उक्त ग्रामों में समितियों की बैठक की गई तथा जल संग्रहण विषय को लेकर संगोष्ठी की गई तथा ग्रामों में आयोजित लाडली बहना योजना के शिविर में उपस्थित होकर फार्म भर आने के कार्य में सहयोग प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर डॉ





शिवेंद्र सिंह ने कहा कि प्रचंड गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने हेतु सकोरे टांगना बहुत बड़ा पुनीत कार्य है परामर्शदाता हरी बाबू निराला ने जल संग्रहण संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि जल की कीमत अमूल्य है अर्थात जल ही जीवन है इसे बचाना हम सभी का परम कर्तव्य है इसे बर्बाद नहीं होने देना है। कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने में प्रमुख रूप से रुद्र प्रताप सिंह चौहान, पंकज गॉड ,देशराज सिंह ,बृजेंद्र सिंह, राम गोविंद दुबे, दिलीप तिवारी ,अनिल शर्मा,गजेंद्र सिंह, रामगोविंद समाधिया, लाडली बहना योजना शिविर में शिक्षक शशि कुमार राठौर,के के सिंह भदोरिया, प्रमोद श्रीवास्तव,उमा शर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राम प्रताप सिंह राजावत,अनिल भारद्वाज सचिव आदि उपस्थित थें।

# मेहगांव क्षेत्र के 8 ग्राम पंचायतों में आयोजित होगी ग्राम चौपाल एवं ध्वज यात्रा

वायरल फीवर के बढ़ते मामलों में इस तरह करें अपने बच्चों का बचाव... डा. प्रमोद शर्मा केशब पंडित जी अम्बाह...

अम्बाह... मौसम में बदलाव होने के साथ ही बच्चों के बीमार होने की संभावना बढ़ जाती है। इस समय संक्रमण का खतरा बच्चों को अधिक होता है। बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता का कमजोर होना इसका एक बड़ा कारण है। इस समय बच्चों को बीमारियों से बचाव करने के लिए सावधानियां बरतनी चाहिए। इन दिनों दो तीन तरह के वायरस बच्चों को तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है। पश्चिम बंगाल में कई बच्चों की इस वायरस की वजह से मृत्यु हो गई, जबकि कई बच्चों को इस रोग के होने की संभावना अधिक है। मौसम बदलते समय संक्रमण होना एक आम समस्या है। एडिनो वायरस में भी सर्दी की तरह ही लक्षण दिखाई देते हैं। बच्चों को वायरल फीवर से बचाने के लिए आपको आगे बताए गए उपायों को अपनाना चाहिए।



इससे बच्चे को संक्रमण से होने वाले अन्य रोग से भी सुरक्षित रखा जा सकता है। इस विषय पर हमने अम्बाह अस्पताल के मेडिकल ऑफीसर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद शर्मा से बात की तो उन्होंने वायरल फीवर से बचाव के कुछ मुख्य उपायों को बताया।

**वायरल फीवर में इस तरह करें अपने बच्चों का बचाव.**-घर में किसी भी सदस्य को बुखार होने पर अन्य सदस्यों को भी वायरल फीवर होने की संभावना बढ़ जाती है। वायरल फीवर से बच्चों को सुरक्षित रखना बेहद आवश्यक होता है। ऐसे में आपको आगे बताए गए उपायों को अपनाना चाहिए।

**पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं**-बच्चों को वायरल फीवर से बचाव के लिए आप उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं। इससे उनके शरीर का तापमान सही बने रहता है और उनको संक्रमण होने का खतरा कम हो जाता है। इसके साथ ही आप बच्चे को फ्रूट जूस भी दे सकते हैं। जूस से बच्चे की इम्यूनिटी बेहतर होती है और उसके संक्रमित होने की संभावना कम हो जाती है।

**वायरल फीवर वाले मरीज से बच्चे को दूर रखें** -यदि आपके घर में किसी व्यक्ति को वायरल फीवर हो गया है, तो उससे बच्चे को दूर रखें। वायरल फीवर के मरीज द्वारा खांसने और छींकने से संक्रमण अन्य लोगों को भी हो सकता है। ऐसे में बच्चे को भी वायरल इंफेक्शन होने संभावना बढ़ जाती है।

**बच्चे को संतुलित और पौष्टिक आहार दें** -बच्चे को वायरल फीवर से बचाने के लिए आपको उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर करना होगा। बच्चों की डाइट में पौष्टिक आहार और संतुलित आहार को शामिल कर आप उन्हें संक्रमित रोगों से बचा सकते हैं। संतुलित आहार से बच्चे को पर्याप्त पोषण मिलता है और इससे वह बाहर के खाने से होने वाले इंफेक्शन से भी सुरक्षित रहते हैं।

**भोजन से पहले हाथ धोएं** -ायरल फीवर से बचने के लिए आप बच्चे को खाने से पहले हाथ धोने के लिए कहें। गंदे हाथ से भोजन करने से आपके बच्चे को संक्रमण होना खतरा अधिक होता है। इस मौसम में संक्रमण फैलाने वाले वायरस मिट्टी व बाहर की चीजों में होते हैं, जो बच्चे के हाथों से उनको संक्रमित कर सकते हैं।

**बाहर के खाने से दूरी बनाएं** -बच्चा अगर बाहर का खाना खाने की जिद करे तो उसे कहीं साफ सफाई वाली जगह पर ही खिलाएं। बाहर का खाना खाने से बच्चे को वायरल फीवर होने की संभावना बढ़ जाती है। बाहर के तले भूने खाने में कीटाणु तेजी से पनपते हैं, और ये कीटाणु आपके बच्चे के संक्रमित कर सकते हैं। बच्चे को यदि वायरल फीवर हो जाए तो आप उसको घरेलू उपाय से ठीक करने की अपेक्षा डॉक्टर के पास ले जाएं। घरेलू उपाय से उसके बुखार में आराम मिल सकता है। लेकिन उसके इलाज के लिए डॉक्टरी सलाह अवश्य लेनी चाहिए।

# आशा एवं आशा सहयोगिनी श्रमिक संघ ने भाजपा अध्यक्ष को सौपा ज्ञापन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश आशा एवं आशा सहयोगिनी श्रमिक संघ ग्वालियर द्वारा विगत 22 दिनों से जारी आशा, उषा, आशा सहयोगिनी कीपैड प्रदेश व्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल के तहत भारी संख्या में महिला कर्मचारियों ने भाजपा जिला कार्यालय पीडब्ल्यूडी कॉलोनी पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया को 15 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने महिला कर्मचारियों को आश्वासन दिया आपकी मांगों को प्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की ओर भेज दिया जाएगा और उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आप सबके साथ खड़ी हुई है और उन्होंने महत्वपूर्ण महिलाओं हितैषी योजनाओं के साथ नारी शक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है।भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया को ज्ञापन सौंपने आई यूनियन की जिलाध्यक्ष प्रियंका शिवहरे, ममता राजावत, सुनीता शर्मा, उषा नरवरिया, राजकुमारी बंसल, ममता रजक मुन्नी कोठार 15 सूत्री ज्ञापन बताया आशाओं की प्रोत्साहन राशि के भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, आशाओं के द्वारा की गई कोविड-19 वैक्सीनेशन ड्यूटी डीपीटी बूस्टर वैक्सीन एनसीडी सर्वे परिवार योजन निर्वाचन कार्य सहित सभी कामों को बकाया प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाए, प्रत्येक माह की 5 तारीख को आशा एवं आशा सहयोगिनी का भुगतान सुनिश्चित किए जाने हैं ठोस कदम



उठाए जाएं, आशाओं से बदुआ मजदूरों जैसे बिहार को रोका जाए आशा एवं आशा सहयोगिनी के लिए विभाग द्वारा निर्धारित कार्य के अलावा अन्य कार्य नहीं कराए जाएं, आशाओं को सभी मीटिंग हो एवं आशा सहयोग नींव के वास्तविक की यात्रा व्यय का भुगतान किया जाए, आशा सहयोगी यों को वेतन सहित रविवार को साप्ताहिक अवकाश प्रदान किया जाए एवं शासन से कुशल्स सैनी के न्यूनतम वेतन की दर पर 6 माह का मात्र अवकाश एवं अन्य सुविधाएं दी जाए बिना किसी जांच के आशाओं की सेवा समाप्ति पर तुरंत रोक लगाई जाए विगत 1 वर्षों में निष्क्रिय आशा बताकर आशाओं की की गई सेवा समाप्त की जांच कराई जाए और उन्हें तत्काल बहाल किया जाए पेंशन एवं सेवा निवृत् लाभ लागू किए बिना आशा एवं आशा सहयोगिनी योगी सेवा निवृत्ति ना किया जाए ड्यूटी के दौरान आशा कार्यकर्ताओं की सुरक्षा की जाए ताकि उनके साथ असामाजिक तत्वों द्वारा कोई घटना घटित ना कर सके सभी पीएचसी सीएचसी अस्पतालों में सुरक्षित एवं सर्व सुविधा युक्त आशारू उपलब्ध कराई जाएं पी ओ एस एच कानून लागू किया जाए एवं शिकायतों पर कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए, स्वास्थ्य के लिए सकल घरेलू उत्पादन का 6 प्रतिशत राशि आवंटित की जाए स्वास्थ्य सेवाओं सरकारी अस्पतालों सहित सभी बुनियादी सेवाओं के निजी करण को रोका जाए। आदि मां के प्रमुख है, इस अवसर पर जिला अध्यक्ष के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह भदौरिया, कार्यालय मंत्री एडवोकेट आरबी सिंह बघेल रहे।



# मलाइका अरोड़ा के गाने तेरा की ख्याल ने अर्जुन कपूर को भी किया दीवाना

मलाइका अरोड़ा और गुरु रंधावा का गाना तेरा की ख्याल रिलीज हो गया है. इस गाने में एक्ट्रेस अपने डांस और किलर लुक से फैंस का दिल जीत रहती हैं. गुरु के साथ मलाइका की केमिस्ट्री भी इस गाने में लाजवाब है. तेरा की ख्याल गाने के जहां फैंस मुरीद हो रहे हैं, तो वहीं अर्जुन कपूर भी इसकी तारीफ करने से खुद नहीं रोक पाए और रोकते भी कैसे उनकी लेडी लव मलाइका जो इस गाने में थिरकती नजर आ रही हैं. अर्जुन कपूर ने इस गाने के लिए मलाइका अरोड़ा और गुरु रंधावा का सपोर्ट करते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी पोस्ट की है. अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में अर्जुन ने लिखा, इस गाने को प्यार करो और उन्हें टैग किया. तेरा की ख्याल गाने में गुरु रंधावा ने अपनी आवाज दी है. रॉयल मान ने इस गाने को लिखा है. बॉलीवुड कोरियोग्राफर बॉस्को लेस्ली मार्टिस इसे कोरियोग्राफ किया है. बता दें, मलाइका अरोड़ा हों या फिर अर्जुन कपूर दोनों ही एक दूसरे के काम को इनकरेज करते हैं, सोशल मीडिया से



लेकर पब्लिक प्लेस पर दोनों एक दूसरे का साथ देते दिखाई देते हैं. मलाइका और अर्जुन अब तो खुलकर एक दूसरे के लिए अपने प्यार का भी इजहार करते दिखाई देते हैं. हाल ही में मलाइका ने एक इंटरव्यू के दौरान अर्जुन कपूर की तारीफ करते हुए उन्हें एक अच्छा साथी भी बताया था. दोनों लॉन्च इवेंट के रेड कार्पेट पर सबका ध्यान खींचते नजर आए थे. इनकी जोड़ी ने यहां पर हर किसी का दिल जीत लिया. आपको बता दें, मलाइका अरोड़ा की पहली शादी अरबाज खान से हुई थी. दोनों साल 1998 में शादी के बंधन में बंधे लेकिन 18 साल बाद मार्च 2016 में ये अलग हो गए था. वर्कफ्रंट की बात करें तो मलाइका अरोड़ा हाल ही में अपने रियलिटी शो मूविंग इन विद मलाइका में नजर आई थीं. वहीं अर्जुन कपूर की फिल्म कुत्ते जल्द ही रिलीज हुई. उनकी अपकमिंग फिल्मों की बात करें तो भूमि पेडनेकर के साथ द लेडी किलर और भूमि और रकुल प्रीत सिंह के साथ मेरी पत्नी के रीमेक में वो दिखाई देंगे.

# प्रीमियर नाइट पर रॉयल अंदाज में नजर आईं रेखा

बॉलीवुड की वेटरन एक्ट्रेस रेखा को एटरनल ब्यूटी कहा जाता है. हाल ही में एक्ट्रेस एनएमएसीसी के ग्रैड गाला में स्पॉट की गई थी. इस दौरान रेखा के लुक की काफी तारीफ हुई. वहीं एक बार फिर एक्ट्रेस को प्रियंका चोपड़ा की अपकमिंग सीरीज सिटाडेल के ब्लू कार्पेट पर देखा गया. इस प्रीमियर नाइट में भी रेखा छा गईं. सिटाडेल के प्रीमियर पर रेखा रोज़ गोल्ड और पर्पल कलर्स की एक हाइब्रिड सिल्क आउटफिट में पहुंची थी. उन्होंने हैवी इयरपीस पहने थे और बालों को गजरे के साथ एक ट्रेडिशनल बन में बांधा था. रेखा इस लुक में वाकई बेहद खूबसूरत लग रही थीं. ब्लू कार्पेट पर पोज देने के दौरान फेमस एक्ट्रेस ने वेन्यू पर मौजूद पैपराज़ी के साथ मज़ाक भी किया. उन्होंने पैप्स के साथ एक छोटी सी बातचीत के बाद मजाक में थप्पड़ मारने का इशारा भी किया. बता दें कि रेखा को पद्म श्री सम्मान मिला हुआ है. उन्होंने 2012 से 2018 में अपने कार्यकाल के अंत तक राज्यसभा सदस्य के मनोनीत सदस्य के रूप में भी काम किया है. वहीं रेखा ने अपने करियर में तमाम फिल्मों में काम किया है और कई शानदार ब्लॉकबस्टर फिल्में भी दी हैं. वहीं सिटाडेल की बात करें तो ये एक एक्शन-स्पाई थ्रिलर शो है. इसे अमेजन स्टूडियोज और रूसो ब्रदर्स के एजीबीओ बैनर द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, जिसमें डेविड वील शो रनर के रूप में हैं. सीरीज में में प्रियंका चोपड़ा और रिचर्ज मेडन ने लीड रोल प्ले किया है. ये सीरीज 28 अप्रैल को अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी.



# 16 की उम्र में सिनेमा के दरवाजे पर दी दस्तक



मायानगरी में जन्मी और पली बड़ी ज्यादातर सभी लड़कियां सिनेमा की दुनिया में अपना नाम बनाने का सपना देखती हैं. जहां कुछ की किस्मत चमक उठती है, तो कुछ कहीं दबकर रह जाती हैं. लेकिन आज हम आपको जिस लड़की के बारे में बताने जा रहे हैं उसने छोटी सी उम्र में ही साउथ सिनेमा पर दस्तक दे दी थी. बस फिर क्या था वह एक के बाद एक सुपरहिट फिल्में देकर सफलता की सीढ़ी चढ़ती गईं, लेकिन इन सबके बीच उन्होंने अपने ग्लैमरस फोटोशूट से भी फिल्मी दुनिया में सनसनी मचा दी थी. हम बात कर रहे हैं अभिनेत्री पूनम बाजवा की. आज जन्मदिन विशेष में चलिए जानते हैं अभिनेत्री के जीवन के कुछ अनसुने किस्सों के बारे में। आज ही के दिन साल 1985 में मुंबई में नेवी ऑफिसर के घर जन्मी पूनम बाजवा का दूर-दूर तक फिल्मों से कोई वास्ता नहीं था. पढ़े-लिखे अनुशासित परिवार में जन्म लेने के बाद भी पूनम ने पढ़ाई करते-करते ही ठान लिया था कि वह अपना करियर रूपहले पर्दे पर बनाएंगी. अभिनेत्री बनने की पहली सीढ़ी चढ़ने के लिए पूनम ने साल 2005 में पुणे फैशन शो में हिस्सा लिया और उसे जीता भी. मिस पुणे बनने के बाद पूनम बाजवा ने पढ़ाई के साथ-साथ मॉडलिंग भी शुरू कर दी. मॉडलिंग की दुनिया में उतरने के बाद पूनम को भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि एक दिन रैंप पर चलते-चलते ही उनकी जिंदगी में लड्डू फूटने वाला है. महज 16 साल की उम्र में हैदराबाद के एक इवेंट में रैंप वॉक करने पहुंची पूनम बाजवा को देखते ही साउथ फिल्मों के एक निर्देशक इस कदर फिदा हुए कि मौके पर ही उन्हें फिल्म ऑफर कर दी. निर्देशक कुचिपुड़ी वेंकट ने जैसे ही पूनम बाजवा को देखा, वह अभिनेत्री की हर अदा पर मुरीद हो गए. पूनम ने भी तुरंत हां कर दी और बस यहीं से शुरू हुआ आम लड़की का अभिनेत्री बनने का सफर. पूनम ने साल 2005 के दौरान रोमांटिक फिल्म मोदाती सिनेमा से तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा. पहली ही फिल्म से पूनम फिल्म इंडस्ट्री में छा गईं. पहली फिल्म में धमाल मचाने के बाद पूनम की ऐसी लॉटरी लगी कि उन्हें एक के बाद एक फिल्में मिलने लगीं. इन्हीं फिल्मों में इजाफा तब हुआ, जब अभिनेत्री ने स्क्रीन पर साउथ सुपरस्टार नागार्जुन के साथ कमाल की केमिस्ट्री से लोगों का दिल जीत लिया. बॉस में नागार्जुन संग इश्क फरमाने वाली पूनम बाजवा ने तेलुगू से लेकर मलयालम सिनेमा में बैक टू बैक कई फिल्मों में काम किया. हालांकि, अभिनय के साथ-साथ पूनम ने पढ़ाई का हाथ भी थामे रखा. साउथ सिनेमा में एक्टिव रहने वाली अभिनेत्री ने पुणे की सिंबायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी से इंग्लिश लिटरेचर की डिग्री लेकर अपनी पढ़ाई पूरी की. फिल्मों में किरदारों के साथ-साथ पूनम बाजवा अपनी बोल्ड तस्वीरों के कारण भी सुर्खियों में बनी रहती हैं. इस फोटोशूट के दौरान पूनम ने अपने बदन पर सिर्फ और सिर्फ शर्ट पहनी थी, जिसे देख सबका सिर घूम गया था. एक्ट्रेस अब भी सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरों के चलते काफी चर्चा में रहती हैं.

# करोड़ों का घर और लग्जरी गाड़ियां, रश्मिका के पास इतना पैसा कि उड़ जाएंगे होश

साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को नेशनल क्रश भी कहा जाता है. अपनी एक्टिंग और खूबसूरती की वजह से वह लाखों दिलों पर राज करती हैं. एक्ट्रेस की फैन फॉलोइंग न सिर्फ दक्षिण में है, बल्कि बड़ी तादाद में उनके प्रशंसक हिंदी पट्टी में भी मौजूद हैं. अपने फिल्म



करियर में उन्होंने कई सुपरहिट फिल्में दी हैं. आज उनके जन्मदिन पर हम आपको एक्ट्रेस की संपत्ति के बारे में बताने जा रहे हैं. फिल्म पुष्पा में गरीब लड़की का किरदार निभाने वाली रश्मिका असल में राजकुमारी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्ट्रेस की कुल संपत्ति 45 करोड़ से अधिक है. इसके साथ ही वह हर महीने 40 लाख रुपये तक की कमाई भी करती हैं. एक्ट्रेस की आय का मुख्य जरिया एक्टिंग, परफॉर्मेंस, मॉडलिंग और विज्ञापन हैं. इनसे वह एक साल में पांच करोड़ से ज्यादा कमाई करती हैं. इसके अलावा फिल्मों में काम करने के लिए वह मोटी फीस वसूलती हैं. जानकारी के मुताबिक एक्ट्रेस एक प्रोजेक्ट के लिए चार करोड़ रुपये चार्ज करती हैं. रश्मिका आलीशान घर में रहती हैं. उनके पास अलग-अलग जगहों पर कई महंगे घर हैं. कर्नाटक में वह एक लग्जरी घर में अपने परिवार के साथ रहती हैं, जिसकी कीमत आठ करोड़ के आसपास बताई जाती है. इसके अलावा उनके पास हैदराबाद और मुंबई में घर हैं, जो हर सुख सुविधाओं से लैस हैं. रश्मिका महंगी गाड़ियों का भी शौक रखती हैं. उनके पास कई लग्जरी गाड़ियां मौजूद हैं. एक्ट्रेस के पास एक करोड़ की कीमत वाली मर्सिडीज सी क्लास, 60 लाख रुपये की ऑडी क्यू 3 और रेंज रोवर जैसी शानदार कारें हैं. इसके अलावा रश्मिका महंगे हैंडबैग कैरी करने के लिए भी मशहूर हैं. उनका एक बैग लगभग तीन लाख रुपये का है. उनके एक्टिंग करियर की बात करें तो उन्होंने साल 2016 में कन्नड़ फिल्म किरिक पार्टी से शुरुआत की थी. बड़े पर्दे पर उनकी जोड़ी विजय देवरकोंडा के साथ खूब जमी. दोनों ने एक साथ कई सुपरहिट फिल्में दीं. साउथ के अलावा अब वह हिंदी फिल्मों में कदम रख चुकी हैं. पिछले साल उन्होंने फिल्म गुडबाय से बॉलीवुड में कदम रखा. इस फिल्म में उनके साथ अमिताभ बच्चन लीड रोल में थे. इसके अलावा वह सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म मिशन मजनू में भी नजर आ चुकी हैं. उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट की बात करें तो एक्ट्रेस जल्द ही रणबीर कपूर के साथ एनिमल में स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी. इसका निर्देशन कबीर सिंह फेम संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं. वहीं, उनकी फिल्म %ुष्पा 2 का

# कितनी पढ़ी लिखी हैं नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना

*अपनी अदाओं से घायल करना उनकी आदत है तो निगाहों से कत्ल करना शगल. और जेहन पढ़ने की कला तो उनके बाएं हाथ का खेल है. लोग उन्हें नेशनल क्रश कहते हैं, लेकिन ब्यूटी विद ब्रेन से नवाजा जाए तो भी कम नहीं. यह अल्फाज-ए-बयां किसी और के बारे में नहीं, बल्कि रश्मिका मंदाना के लिए है, जो एक्टिंग की क्लास में भले ही आज टॉप कर रही हों, लेकिन पढ़ाई-लिखाई के मामले में भी अव्वल नंबरों से पास हुई थीं. बिना ऑडिशन दिए सिनेमा की क्वीन बनने वाली रश्मिका का जन्म 5 अप्रैल 1996 को कर्नाटक के विराजपेट में हुआ था. दो बहनों में बड़ी रश्मिका अपने माता-पिता की लाडली हैं. ऐसे में उन्होंने अपनी हर ख्वाहिश पूरी करते हुए जिंदगी जीने का फैसला किया और माता-पिता ने भी बेझिझक उनका साथ दिया. बचपन से ही अभिनय का शौक लेकर आगे बढ़ीं रश्मिका ने ज्यादातर बॉलीवुड अभिनेत्रियों से परे अपनी पढ़ाई को दरकिनार कर अभिनेत्री बनने का सपना कभी नहीं देखा था. ऐसे में नेशनल क्रश बनीं अभिनेत्री ने पढ़ाई-लिखाई में अव्वल नंबर लाकर अपने माता-पिता का नाम रोशन किया. रश्मिका ने अपनी स्कूली शिक्षा कोडागु के कूर्ग पब्लिक स्कूल से पूरी की थी. स्कूली पढ़ाई पूरी करने के बाद रश्मिका ने टेलीविजन एड्स और मॉडलिंग इवेंट्स में काम करना शुरू कर दिया. हालांकि, अपनी पढ़ाई में आगे बढ़ते हुए रश्मिका ने मैसूर के इंस्टीट्यूट ऑफ कॉमर्स एंड आर्ट्स में प्री-यूनिवर्सिटी कोर्स करने के लिए*

*के बाद अभिनेत्री ने बेंगलुरु के रमैया कॉलेज ऑफ आर्ट्स साइंस एंड कॉमर्स में दाखिला लिया और आगे की पढ़ाई पूरी की.*



*अखबार में छपी तो कन्नड़ फिल्म निर्माता उनकी मनमोहक मुस्कान पर मोहित हो गए. ऐसे में उन्होंने रश्मिका से संपर्क किया. बस फिर क्या था हो गई अभिनेत्री की सिनेमा में एंट्री. किसी भी तरह का कोई भी ऑडिशन दिए बिना रश्मिका ने साल 2016 में आई फिल्म किरिक पार्टी से सिनेमा की दुनिया में अपना डेब्यू किया. इसके बाद वह एक के बाद एक फिल्में करते हुए आगे बढ़ती गईं. रश्मिका के करियर को पंख देने का काम साल 2021 में आई फिल्म पुष्पा ने किया, जिसमें श्रीवल्ली बन उन्होंने पूरे*

*कॉलेज में रश्मिका ने साइकोलॉजी, इंग्लिश लिटरेचर और जर्नलिज्म की डिग्री हासिल की. यह सब करते-करते ही रश्मिका ने राष्ट्रीय स्तर की एक प्रतियोगिता जीतकर साउथ सिनेमा की तरफ अपने कदम बढ़ा दिए. इसे जीतने*

*भारत में तारीफ लूटी. हाल ही में रश्मिका ने फिल्म गुडबाय से बॉलीवुड में भी अपने करियर की शुरुआत की थी, लेकिन उनका यह डेब्यू फीका रहा. इस वक्त अभिनेत्री के पास बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की कई फिल्में*

लाड़ली बहना योजना की जानकारी देने सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने किया नवाचार

# मंदिर पर बुलउआ करवा कर समझाया केवायसी, डीबीटी और ओटीपी का अर्थ, बताशे और मिठाई भी बांटी





**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्ट**
**अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज -** केवायसी क्या होता है, डीबीटी कैसे होता है और मोबाइल पर आने वाली ओटीपी को कैसे साझा करते हैं। लाड़ली बहना योजना से जुड़े वो शब्द और वाक्य हैं जो अधिकांश महिलाओं की समझ से परे हैं। बावजूद इसके इन दिनों उन्हें हर दिन इन शब्दों से जूझना पड़ रहा है और समझने के लिए वे यहां-वहां घूम रही हैं। महिलाओं की इसी समस्या को समझते हुए सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने अपने खुद के वार्ड क्रमांक 19 में स्थित प्राचीन श्री गणेश मंदिर गणेश की अथाई सिरोंज पर नवाचार करते हुए शुरूआत की। इसके लिए उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के माध्यम से बुलउआ कार्यक्रम का आयोजन किया। शहर में श्री गणेश मंदिर गणेश की अथाई स्थित प्राचीन गणेश मंदिर उनके साथ में सिरोंज एसडीएम बृजेश सक्सेना और प्रभारी तहसीलदार सीके ताम्रकार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी आनंद कुमार सहित प्रशासनिक कर्मचारी मौजूद थे। ढोलक, मंजीरा और झांझर लेकर महिलाएं इस बुलउआ में पहुंची। पहले श्री गणेश और श्री हनुमान की पूजा-अर्चना हुई और फिर शुरू हुआ भजनों का सिलसिला। इसके बाद विधायक उमाकांत शर्मा ने खुद महिलाओं से लाड़ली बहना योजना से जुड़े सवाल किए तो कई महिलाओं ने अपनी समस्या बताईं। विधायक बोले मुझे पता है कि आपको किस तरह की दिक्कत आ रही है। इन दिक्कतों को दूर करने और योजना को लेकर महिलाओं में जागकरूता लाने एवं फॉर्म भरवाने ईकेवाईसी करवाने के लिए हमने ये बुलउआ कार्यक्रम का आयोजन किया है। हमारे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा है कि हर बहन आर्थिक रूप से सक्षम बने। लाड़ली लक्ष्मी योजना चलाकर उन्होंने बेटियों को तो मजबूत कर दिया है और अब इस योजना के माध्यम से बहनों की बारी है। योजना के लिए भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश में 12 हजार करोड़ रूपए का बजट स्वीकृत किया है। हर बहन को इस योजना का लाभ मिले। इसके लिए हमने इस बुलउआ कार्यक्रम का आयोजन किया है। इस अवसर पर प्रमुख रुप से जनपद अध्यक्ष पुष्पा हमीर सिंह यादव, नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, विधायक प्रतिनिधि रमेश यादव, नपा उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला पंचायत सदस्य मंजू नीलम यादव, जनपद सदस्य हरिबाई रामबाबू अहिरवार, भाजपा चितावर मंडल अध्यक्ष चरणसिंह राजपूत, पार्षद वर्षा बलजीत यादव तथा मीडिया प्रभारी सचिन शर्मा भी मौजूद थे।

**महिलाएं बोली शिवराज जी ने भाई का फर्ज निभाया है**-बुलउआ कार्यक्रम में मौजूद सभी महिलाओं से विधायक ने सवाल-जवाब भी किए। इसी बीच रामबाई सेन और सीमा यादव ने कहा कि गरीब महिलाओं के लिए हर महिने एक हजार रूपए बहुत होते हैं। इस राशि से ना केवल वे अपना खर्च निकाल सकती है बल्कि बच्चों के लिए भी कुछ खरीदी कर सकती हैं। एक तरह से सीएम शिवराज सिंह जी ने पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने भाई का फर्ज निभाया है। इस दौरान महिलाओं ने सीएम के शतायु होने की प्रार्थना भी की। इसके बाद विधायक ने कहा कि एसडीएम और तहसीलदार यहां पर मौजूद है। आप उन्हें योजना से जुड़ी अपनी समस्याएं बताएं। अधिकारियों ने उनकी समस्याओं का समाधान भी इस दौरान किया।

**बताशे और मिठाई बांट, महिलाओं का सम्मान भी किया**-बुलउआ कार्यक्रम के अनुरूप ही विधायक ने सभी महिलाओं को बताशे और मिठाई का वितरण भी किया। उन्होंने फूल बरसाकर और केसरिया रंग का पटका ओड़ाकर पहनाकर सभी महिलाओं का सम्मान भी किया। इसी क्रम में ग्राम तरवरिया में श्री रामजानकी मंदिर पर एवं खेजड़ागोपाल में श्री दुर्गा जी मंदिर पर भी देर रात 12 बजे तक मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना हेतु आयोजित बुलउआ कार्यक्रम हुआ इस अवसर पर काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरुषगण उपस्थित रहे।

# पाली भाजपा जिला कार्यालय का किया गया भूमि पूजन

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता**
**पाली राजस्थान**

**पाली।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर प्रदेश उपाध्यक्ष अजय पाल प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता जिला संगठन प्रभारी रविंद्र सिंह बालावत जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार बाली विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री पुष्पेंद्र सिंह राणावत पाली विधायक ज्ञानचंद पारख सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत व जैतारण विधायक अविनाश गहलोत सोजत विधायक शोभा चौहान जिला प्रमुख रश्मि सिंह पूर्व सांसद पुष्प जैन पूर्व विधायक मदन राठौड़ केसाराम चौधरी पूर्व विधायक संजना आगरी पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा लक्ष्मी बारूपाल जिला महामंत्री मोहन जाट सुनील भंडारी घीसुलाल मेघवाल जिला उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी पंकज त्रिवेदी नरपत सिंह राजपुरोहित महेन्द्र कुमावत पूर्व जिला अध्यक्ष करण सिंह नेतरा जिला उप प्रमुख जगदीश चौधरी पूर्व जिला प्रमुख पूनाराम चौधरी प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक श्रवण बंजारा भाजपा नेता गिरधारी सिंह मंडली प्रताप सिंह बिठीया सिद्धार्थ सिंह जिला कोषाध्यक्ष रामकिशोर साबू जिला प्रवक्ता तिलोक चौधरी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल ओझा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह राठौड़ ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष हेमंत चौधरी मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र मेघवंशी थाना राम मीणा पुर्व उप सभापति मूल सिंह भाटी नरपत दवे सहित भारतीय जनता पार्टी जिले के सभी जिला पदाधिकारी सभी मंडल



अध्यक्ष सभी मंडल प्रभारी नगर पालिकाओं के अध्यक्ष उपाध्यक्ष प्रधान उप प्रधान सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता गण भारतीय जनता पार्टी के सभी सम्मानित कार्यकर्ता की उपस्थित मे कार्यालय का भूमि पूजन किया गया। सभी ने यज्ञ में भाग लिया जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार ने विधिवत भूमि पूजन किया । इस अवसर पर प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यालय राजस्थान प्रदेश के लगभग 20 जिलों में बन गए हैं। तथा बाकी जगह पर भी अति शीघ्र ही कार्यालय निर्माण कहीं पर चल रहे हैं। तथा कहीं पर शुरू होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भा ज पा पार्टी कार्यकर्ता व कार्यक्रम की पार्टी है ।कार्यालय बनने के पश्चात पार्टी की गतिविधियों में और और तेज होगी तथा एक आधुनिक सुविधा से युक्त भाजपा कार्यालय बनेगा उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि देशभर में गरीब कल्याण के लिए भा ज पा कार्य कर रही है ।हमारा उद्देश्य सिर्फ सत्ता पाना ही नहीं है ।अंतिम पंक्ति पर खड़े अंतोदय व्यक्ति का विकास करना यह हमारा मुख्य उद्देश्य है ।उन्होंने कहा कि देश भर में हमारी केंद्र सरकार मोदी के नेतृत्व में देश के गरीब कल्याण कामों में लगी हुई है। तथा देश का इंफ्रा सेक्टर भी बहुत मजबूत हुआ है ।साथ ही सुरक्षित भारत व आत्मनिर्भर भारत बन रहा है। प्रत्येक कार्य में केंद्र सरकार के कार्य में जन भागीदारी बढ़ी है। हर वर्ग को केंद्र सरकार का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत का पुनर्निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान की राज्य सरकार पूरी तरीके से विफल है ना किसी प्रकार की कानून व्यवस्था है। राज्य की कानून व्यवस्था चौपट है ।युवाओं के साथ प्रतिदिन परीक्षाओं के नाम पर छलावा हो रहा है। खाली घोषणाओं के अलावा सरकार की कोई उपलब्धि नहीं है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता अब 2023 में कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए पूरी तरह तैयार है। तथा आगे की सत्ता 5 साल के लिए ना होकर 25 साल तक भारतीय जनता पार्टी की स्थाई सरकार बनेगी ।इसके लिए संगठन व कार्यकर्ता पूरी तरीके से तैयार है सभी अपने अपने कामों में लगे हुए हैं । उन्होंने कहा कि कल 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस है तथा प्रत्येक बूथ पर भाजपा स्थापना दिवस मनाएगी

# 6 साल के अरड़म ने रखा रोजा, मांगी अमन. चैन की दुआ

**खरगोन से मन्ना खान**

**खरगोन।** माह.ए. रमजान के पवित्र महीने में मुस्लिम समाज के महिला. पुरुषों, युवाओं, बुजुर्गो के साथ ही नन्हे.मुन्ने बच्चे भी रोजा रखकर अल्लाह की इबादत कर रहे है। अप्रैल की तेज गर्मी के दौरान भी बच्चों का उत्साह देखने को मिल रहा है। मोहन टॉकिज क्षेत्र के छात्र 6 वर्षीय मोहम्मद अरकम ने मंगलवार को पहला रोजा रखा। रोजेदार अरकम ने पहला रोजा रखकर मुल्क के अमन चैन के साथ ही अल्लाह से सभी की खुशहाली की दुआ मांगी। परिजनों ने बताया कि परिवार में घर के बड़े रोजा रख रहे है, उन्हें देख अरकम ने भी इच्छा जताई और रोजा रखा। दारुल कजा के मुफ्ती तारिक ने बताया कि रमजान के महीने में जन्नत के दरवाजे खुल जाते हैं। अल्लाह रोजेदार और इबादत करने वालो की दुआ कूबुल करता है और इस पवित्र महीने में गुनाहों से बख्शीश मिलती है। मुसलमानों के लिए रमजान महीने की अहमियत इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि इन्हीं दिनों पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जरिए अल्लाह की अहम किताब कुरान शरीफ जमीन पर उतरी थी। इसलिए मुसलमान ज्यादातर वक्त इबादत.तिलावत में गुजारते हैं। मुसलमान रमजान के महीने में गरीबों और जरूरतमंद लोगों को दान देते हैं। इन दिनों समूचा समाज इबादत में जुटा है।बाईट। मुफ्ती तारिक साहब दारुल कजा

## नल-जल योजनायें अधूरी रहीं तो बिगड़ेगी अधिकारियों की सीआरः संभाग आयुक्त

**ग्वालियर 7** जिन नल-जल योजनाओं का काम एक साल पहले शुरू हुआ था, उन सभी योजनाओं को विशेष अभियान चलाकर अगले दो माह के भीतर पूर्ण कराएँ। यदि एक साल पुरानी कोई नल-जल योजना अधूरी रही तो संबंधित कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री व उपयंत्री की सीआर में विपरीत टिप्पणी दर्ज की जायेगी। साथ ही सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई भी होगी। ग्रामीण नल-जल योजनाओं पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का विशेष ध्यान है। इसलिए नल-जल योजनाओं के काम में कोई ?िलाई न हो। इस आशय के निर्देश संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने ग्वालियर एवं चंबल संभाग में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण नल-जल योजनाओं एवं अन्य पेयजल कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। बुधवार को यहाँ संभाग आयुक्त कार्यालय में आयोजित हुई बैठक में संभाग आयुक्त सिंह ने पीएचई के मुख्य अभियंता को निर्देश दिए कि संभाग के दोनों जिलों के कार्यपालन यंत्रियों को लिखित में निर्देश जारी करें कि यदि जून तक नल-जल योजनायें पूरी नहीं हुई तो वे एवं उनके अधीनस्थ सहायक यंत्री व उपयंत्री व्यक्तिश~ जवाबदेह होंगे। उन्होंने कहा कि धन की कमी नहीं है और कार्य करने में कोई बाधा नहीं है, इसके बाबजूद यदि नल जल योजना का काम धीमा हुआ तो संबंधित अधिकारी को स्पष्टीकरण देना होगा कि काम में क्यों देरी हो रही है।

# दिव्यांग संतोष के होंठों मे दिखा मुस्कान भविष्य प्रधान ने घर पंहुचाया वीलचेयर



**संवाददाता हेमचंद नागेश**
**दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़**

मे खबर लगने के बाद लगातार संतोष के घर हाल जानने पंहुचे थे प्रसाशनिक अधिकारी से लेकर कांग्रेसी नेता दिया था सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का भरोसा आज पूरा होता दिख रहा है।युवा कांग्रेस विधानसभा महासचिव भविष्य प्रधान के पहल से जनपद पंचायत देवभोग कि तरफ से दिव्यांग संतोष के घर वीलचेयर पंहुचाया गया राशनकार्ड हेतु भी आवेदन स्वीकार कर लिया गया है अभी प्रक्रिया के अंतर्गत है बहुत जल्द राशनकार्ड भी उपलब्ध कर दिया जायेगा।कांग्रेसी नेता के हाथों वीलचेयर देखते ही गरीब परिवार भावुक हो उठा और धन्यवाद देते हुए सरकारी योजना के लाभ मिलने पर खुश दिखे।दिव्यांग संतोष को?की पारा पंचायत का 14 वर्षीय बच्चा था जो सरकारी योजनाओं से वंचित था संतोष ना ख?ा हो पाता है और ना ही चल पाता है जिसे वीलचेयर की अतिआवश्यक थी दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़ खबर को लगातार संचार करते हुए संतोष के तकलीफों को रूबरू कराया गया और आज द्वियांग संतोष के समस्याओं का समाधान होते देखा जा सकता है।क्षेत्र में और भी गरीब परिवार ऐसे हैं जिन्हें वाकई आर्थिक, समाजीक,प्रसाशनिक, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे सहयोग की आवश्यकता है यदि आप हम मिलकर इन समस्याओं का समाधान करना चाहे तो अवश्य वो दिन दुर नहीं कि देवभोग के गरीब, लाचार, निसाहय,कमजोर वर्ग खुद को कभी अकेला समझना छो? दे कुछ सामाजिक मदद तो कुछ राजनीति व प्रसाशनिक मदद के जरिए हम आप सब तक पंहुच कर उनकी मदद कर सकते है। कुछ वर्ग ऐसे भी है जो अपनी समस्या लेकर मुख्यालय तक नहीं पंहुच पाते और उनकी व्यथा और परेशानी प्रसाशनिक अधिकारी तक नहीं पंहुच सकती और समस्या ज्यों का त्यौं बना रहता है इसलिए यदि आसपास कोई किसी प्रकार के योजना से वंचित दिख रहा हो तो पास के संबंधित जनप्रतिनिधि या संबंधित अधिकारियों को जानकारी दे ताकि कोई पहल हो सके दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़ लगातार क्षेत्र के जनताओं के समस्या को दिखाते आ रही है और जनसरोकार के लिए हमेशा आवाज बुलंद रखेगी दिव्यांग संतोष के खबर को मुखरता से उठाने के लिए परिवार ने दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़ के टीम का आभार व्यक्त किया।

# पूर्व में युवती छेडखानी मामले में बर्खास्त हुआ था आरक्षक

## बहाल होकर फिर से युवती को कर रहा परेशान

**पुष्पांजली टुडे**
**ब्यूरो रिपोर्ट सोनू श्रीवास्तव**

गुना। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवती को कोतवाली के आरक्षक द्वारा परेशान करने का मामला एक बार फिर सामने आया है। जिसमें सबंधित आरक्षक पर 2021 में कार्यवाही भी की गई थी।

मामले का विस्तार मामला आरक्षक परमजीत सिंह सोढी का है, जो प्रेमप्रसंग के चलते एक युवती को परेशान कर रहा है। जिसमें युवती ने आरक्षक के द्वारा छेड़छाड और परेशान करने की शिकायत परिजनों से की। परिजन आरक्षक परमजीत के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सिटी कोतवाली में आवेदन देने पहुंचे। सिटी कोतवाली में अपने ही आरक्षक के विरूद्ध आवेदन देखकर पुलिसकर्मी हैरत में पड़ गए। उन्होंने परिजनों से टाल-मटोल बातें की और उन्हें चलता कर दिया। पीड़ित परिवार ने बताया कि आरक्षक परमजीत के हौसले इतने बुलंद हो गये हैं कि बीते दिनों उसने घर का दरवाजा तोडकर् घुस गया और युवती से मिलने की इच्छा जाहिर की। विरोध करने पर उसने डराना-धमकाना शुरू कर दिया। परिजनों का कहना है कि आरक्षक को पुलिस अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है, इस वजह से उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। हाल ही में युवती इंदौर जा रही थी। इसकी भनक आरक्षक परमजीत को मिलते ही उसके द्वारा सभी कामों को दरकिनार करते हुए युवती के पीछे दौड़ गया। बता दें कि गुना रेलवे स्टेशन पार्किंग स्थल पर ऑटो स्टैंड पर जैसे ही युवती उतरी उसको मां बहन की गालियां देने लगा और धारदार हथियार से युवती पर जानलेवा हमला भी कर दिया। उसको बचाने के लिए उसके पिता जब आए तो परमजीत सिंह सोढ़ी ने युवती के पिता पर भी हमला कर दिया जिससे आरोपी द्वारा पीड़िता एवं उसके पिता घायल हो गए। जिनका मेडिकल गुना अस्पताल में किया गया शिकायत तत्काल जीआरपी थाने में करने के लिए पीड़िता और उसके पिता अपनी बहन एवं माता के साथ गए तो जीआरपी थाने में पदस्थ पुलिस वालों की मित्रता आरोपी से होने के कारण फरियादी पक्ष की बात नहीं सुनी और उसको यह कहकर भगा दिया गया कि सिटी कोतवाली जाइए हम इस मामले में कोई भी कार्यवाही नहीं कर पाएंगे जिसे सुन पीकित परिवार तत्काल ही सिटी कोतवाली पहुंचा तो सिटी कोतवाली में आरोपी पूर्व से पदस्थ रह चुका है जिसके चलते पुलिस वालों ने अपनी मित्रता निभाते हुए फरियादी पक्ष की एक भी नहीं सुनी और उन्हें आधे घंटे तक सिटी कोतवाली में भ्रम की स्थिति पैदा करते रहे तथा शिकायत लेना तक उचित नहीं समझा।






**वापस पहुंचे फरियादी जीआरपी थाने द्वारा दिखा दिया बाहर का रास्ता**-पीड़ित परिवार आरक्षक परमजीत के विरूद्ध कार्रवाई कराने के लिए दर-दर भटक रहा है, पीड़ित परिवार का कहना है कि जब पुलिस ही उनकी सुनवाई नहीं करेगी तो वो कहां जाएंगे।ऐसे में पुलिस अधिकारियों की कार्यशैली और निष्पक्ष कार्रवाई पर संदेह बना हुआ है।

**पूर्व में आरक्षक के विरूद्ध हुई थी कार्रवाई**-17 दिसंबर 2021 में गुना जिले में पदस्थ एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने आरक्षक के खिलाफ जांच प्रतिवेदन पर कार्रवाई की थी। जिसमें आरक्षक दोषी पाया गया था। एसपी ने कार्रवाई करते हुए संबंधित आरक्षक को प्रभाव से तत्काल निलंबित कर दिया था। पूर्व मामले में आरक्षक के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे, जिसमें साफ तौर से देखा जा सकता था कि कैसे आरक्षक पीड़ित परिवार के घर में घुसा और परिवार के लोगों को परेशान किया। वीडियों फुटेज जिले में पूर्व में पदस्थ रहे एसपी राजीव कुमार मिश्रा द्वारा मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए पुलिस की छवि को धूमिल होने से बचाने के लिए आरक्षक को निलंबित कर दिया गया था।

**बका सवाल**-अब देखना यह है कि आरक्षक द्वारा एक बार फिर वही सब दोहराया जा रहा है तो इस मामले में नवागत एसपी राकेश सगर द्वारा मामले क्या कार्यवाही की जाएगी यह एक बका सवाल है जिससे पुलिस की छवि को धूमिल होने से बचाया जा सके।

धोनी ने सी एस के बॉलर्स से कहा, वाइड-नो बॉल मत फेंको

# ये मेरी चेतावनी है, वरना नए कप्तान के साथ खेलने को तैयार रहना

**चेन्नई।** ङ्खक्क में सोमवार रात को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 12 रन से जीतने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (ष्टस्य) के कप्तान एमएस धोनी ने अपनी ही टीम के गेंदबाजों को चेतावनी दी है। मैच के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान धोनी ने कहा कि, हमें तेज गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है। सामने वाली टीम क्या कर रही है, यह भी देखना महत्वपूर्ण है। जरूरी है कि टीम के प्लेयर नो बॉल नहीं डाले और वाइड बॉल कम करे। हम एक्स्ट्रा रन बहुत ज्यादा दे रहे हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा तो मेरी दूसरी चेतावनी होगी और उसके बाद टीम को नए कप्तान के साथ खेलना होगा। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आखिरी ओवर फेंक रहे मार्क वुड की बॉल पर लगातार दो छक्के जड़े। पहली पारी में ष्टस्य के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 2 गगनचुम्बी छक्के लगाए। उन्होंने पारी के 20वें ओवर में मार्क वुड की दूसरी बॉल पर डीप पॉइंट और तीसरी बॉल पर स्क्वेयर लेग की दिशा में छक्का लगाया। वह अगली ही गेंद पर आउट हो गए। इसके साथ ही धोनी ङ्खक्क मैच के आखिरी ओवर में सबसे ज्यादा छक्के मारने वाले बल्लेबाज



हैं। धोनी के बैटिंग पर आते ही चेपॉक स्टेडियम में %धोनी... धोनी...% के नारे गूंजने लगे। उन्हें सपोर्ट करने के लिए दर्शकों ने अपने मोबाइल की फ्लैश लाइट भी चालू की। धोनी के छक्कों के बाद ष्टस्य ने 217/7 के स्कोर पर अपनी पारी खत्म की। महेंद्र सिंह धोनी ने चेपॉक में 3 बॉल पर 2 छक्कों की मदद से 12 रन बनाए। इसके साथ ही उनके ङ्खक्क में 5,000 रन भी हो गए। वह ऐसा करने वाले 5वें भारतीय और ओवरऑल 7वें खिलाड़ी बने। धोनी ने इसके लिए 237 मैच लिए। धोनी ने अपनी पारी में दोनों छक्के 20वें ओवर में ही लगाए। ङ्खक्क के 20वें ओवर में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों में वह पहले नंबर पर हैं। उनके नाम कुल 55 छक्के हैं। धोनी के बाद कायरन पोलार्ड के नाम 33, रवींद्र जडेजा के नाम 26 और हार्दिक पंड्या के नाम 25 छक्के हैं। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा 23 छक्कों के साथ इस लिस्ट में पांचवें नबंर पर हैं। चेन्नई सुपर किंग्स ने ङ्खक्क 2023 छठे मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स को 12 रन से हराया। टीम करीब चार साल बाद अपने होम ग्राउंड चेपॉक पर खेल रही थी। यहां यलो आर्मी ने पिछले 22 मैचों में 19वीं जीत हासिल की है। इस जीत के साथ ही हेड टु हेड में चेन्नई की टीम लखनऊ की बराबरी पर आ गई है। यह दोनों के बीच दूसरा मैच था। पहला मैच लखनऊ ने जीता था। लखनऊ ने टॉस जीता और गेंदबाजी को चुना। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 217 रन बनाए। टीम ने ङ्खक्क में 24वीं बार 200+ को स्कोर बनाने का कारनामा भी किया। जवाब में लखनऊ के बैटर्स 20 ओवर में 7 विकेट पर 205 रन ही बना सके।

पाकिस्तान के उसामा ने एक ओवर में बनाए 34 रन

# डोमेस्टिक टूर्नामेंट में एक ओवर में लगाए 5 छक्के और 1 चौका

शानदार बॉलिंग परफॉरमेंस करने के बाद उसामा मीर चर्चा में है। लेकिन, इस बार उन्होंने पाकिस्तान के डोमेस्टिक टूर्नामेंट घनी रमजान टूर्नामेंट में बल्ले से कमाल दिखाया और एक ओवर में 34 रन बनाए। इसमें उन्होंने 5 छक्के और एक चौका लगाया। कराची वारियर्स के खिलाफ 2 अप्रैल को हुए मुकाबले में इस बल्लेबाज ने 20 बॉल में 66 रन बनाए। उसामा की पारी तहूष्ट और कराची



वारियर्स के बीच मैच के दौरान आई। दोनों टीमें घनी रमजान टूर्नामेंट का हिस्सा है। टूर्नामेंट रमजान के महीने के दौरान आयोजित किया जाता है। इसमें आठ टीमें हिस्सा लेती है, और हर टीम को दो विदेशी खिलाडी के साथ खेलने की इजाजत होती है। घनी रमजान टूर्नामेंट में कुछ समय से पाकिस्तान के नेशनल टीम के खिलाड़ियों की हिस्सेदारी भी देखने को मिल रही है। इसमें बाबर आजम, शादाब खान, इहसानउल्?लाह, आजम खान, उस्?मान कादिर, उमर अकमल, अहसान अली और आबिद अली जैसे बड़े खिलाडी भी हिस्सा ले रहे है। टूर्नामेंट को प्राइवेट क्रिकेट इंस्?टीट्यूट इस टूर्नामेंट का आयोजन करती है। उसामा मीर से पाकिस्तान सुपर लीग में जलवा बिखेरा था। उसामा मुल्तान सुल्तान टीम के खिलाडी है। इस सीजन उन्होंने बल्कि गेंद से कमाल दिखाया। उसामा ने 12 मैच में 17 विकेट लिए और 7.93 का शानदार इकॉनोमी रखा।

# भाजपा घोटालो को दबाने के लिये राहुल गांधी की आवाज दबा रही है- संजय कपूर



पुष्पांजली टुडे

दमोह। राहुल गांधी की सदस्यता बहाल किये जाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस के तत्वाधान में मोर्चा संगठनो, प्रकोष्ठो की बैठक के उपरांत जिला कार्यालय से मौन जुलूस निकालकर बस स्टेण्ड होकर घंटाघर पहुंचे जहां गांधी प्रतिमा के समक्ष जय भारत सत्याग्रह करते हुए मोदी सरकार की सदबुद्धि के लिये रामधुन भी की तत्पश्चात् नारेबाजी करते हुए अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पहार करते हुए बैंक चौराहा बस स्टेण्ड होते हुए जिला कार्यालय पहुंचे जहां आयोजित पत्रकार वार्ता में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव संजय कपूर ने कहा कि भाजपा सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग कर विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर उन पर मुकदमा डाल रही है हमारे नेता राहुल गांधी का एक दिन में बंगला ही छुडा लिया। जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी धर्मेश घई ने भी कहा कि भाजपा की अनीतियों के खिलाफ आज पूरा विपक्ष एक जुट है कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता पूछ रहा है अडानी से पीएम मोदी का रिश्ता क्या है। विधायक अजय टंडन ने कहा दिल्ली के सीएम ने जब मोदी की प्रमाणित मार्कसीट मांगी तो उन पर ही जुर्माना ठोक दिया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि राहुल गांधी के साथ देश मे करो?ा लोग समर्थन में ख? है अभी सत्याग्रह चल रहा है भविष्य में जेल भरो आंदोलन के लिये भी तैयार रहे कार्यकर्ता। पूर्व विधायक प्रताप सिंह, शहर अध्यक्ष मनु मिश्रा, तेजीराम रोहित, सतीश जैन, गौरव पटेल, संजय चौरसिया, रूद्र प्रताप सिंह, मनीषा दुबे, भगवान दास चौधरी, लक्ष्मण सींग, बेलु त्रिवेदी, ललित नायक, परम यादव, बृजेन्द्र सिंह, लालचंद राय, राजा राय, केके वर्मा, निधि श्रीवास्तव, भूपेन्द्र आजवानी, तान्या सालोमन, रजनी ठाकुर, रोहन पाठक, संध्या नायक, प्रदीप पटेल, कमला निषाद, आशुतोष शर्मा, सुषमा सिंह, शमीम कुरैशी, कोमल अहिरवार, प्रदीप खटीक ने भी कहा कि जिस व्यक्ति ने भारत जो?ा नफरत छो?ा को लेकर पूरे देश में 3500 किमी की यात्रा की भाजपा से उसके ही प्रति अपनी नफरत दिखा दी। वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, मंजीत यादव, शुभम तिवारी, नौशाद खान, छोटू बिदौल्या, अभिषेक डिम्हा, अजय जाटव, धनसिंह राजपूत, आशीष पटेल, अरूण दुबे, शशि चौधरी, शैलेन्द्र खटीक, अब्दुल चिश्ती सहित नगर के पार्षद ब्लाक अध्यक्षों मंडलम सेक्टर प्रकोष्ठो के अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

# दमोह देहात पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी करते दो आरोपियों को गांजा सहित गिरफ्तार किया





पुष्पांजली टुडे

दमोह। पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के निर्देशन पर अवैध गांजा विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है जिसमें उनि गरिमा मिश्रा चौकी प्रभारी सागर नाका को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि न्यू ओबर ब्रिज के पास सतखड़िया रोड पर दो व्यक्ति अवैध गांजा लिये बेंचने की फिराक में खड़े है जिसे वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए राकेश कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक,शिव कुमार सिंह अति. पुलिस अधीक्षक, डीएसपी भावना दांगी नगर पुलिस अधीक्षक एवं उनि अमित मिश्रा थाना प्रभारी दमोह देहात के नेतृत्व में आवश्यक कार्यवाही करते हुए न्यू ओवरब्रिज के पास सतखड़िया रोड पर पहुंचकर देखा तो दो व्यक्ति साड़ी के बीच गांजा के पैकेट बनाकर रखे मिले जिनसे नाम पता पूंछने पर अपना नाम भरत पटैल पिता बैजनाथ पटैल उम्र 42 साल निवासी चंदौरा मड़िया थाना हिण्डोरिया,जुगराज पिता हरिप्रसाद विश्वकर्मा उम्र 39 साल निवासी ग्राम रियाना थाना बटियागढ़ का होना बताया। आरोपियों पर कार्यवाही करते हुए उनके से अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल एक किलो आठ सौ पचास ग्राम कीमती चौदह हजार पांच सौ रुपये एवं दो साड़ी जब्त की। आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना दमोह देहात में अपराध क्र 184/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों को न्यायालय जेआर पर पेश किया गया।इस दौरान सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों में उनि अमित मिश्रा थाना प्रभारी दमोह देहात उनि गरिमा मिश्रा चौकी प्रभारी सागर नाका, सउनि विजय चौबे, प्र. आर 462 फिरदोस, आर. 231 दीपेश, आर. 746 दीपचंद, आर. 563 राजकुमार ठाकुर, आर. चालक 590 रविन्द्र कि अहम भूमिका रही।

डगआउट पर ऋषभ की जर्सी टांगने पर बी सी सी आई नाखुश

# कहा - खिलाड़ी के सिर्फ चोटिल होने पर जर्सी टांगना ठीक नहीं, आगे से ऐसा न करे




शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने डगआउट में पंत की जर्सी टांगी थी। ङ्खक्क में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स का ऋषभ पंत को ट्रिब्यूट देने पसंद नहीं आया। दरअसल पहले मैच में पंत के सम्मान में उनकी जर्सी को पवेलियन के ऊपर टांग दिया था। न्यूज एजेंसी क्कञ्जढ्ढ के सोर्स के मुताबिक ड्ढष्टष्टढ्ढ को दिल्ली कैपिटल्स का सम्मान देने के लिए यह तरीका पसंद नहीं आया। ड्ढष्टष्टढ्ढ के एक अधिकारी ने कहा कि, इस तरह का सम्मान किसी बड़ी घटना या रिटायरमेंट के बाद दिया जाता है। पंत के केस में दोनों में से कुछ नहीं हुआ है। ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स को आगे से ऐसा नहीं करना चाहिए। ऋषभ पंत मंगलवार को दिल्ली में होने वाले गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबला देखने आ सकते है। इसके लिए फेंचाइज को ड्ढष्टष्टढ्ढ की एंटी करप्शन एंड सिक्योरिटी यूनिट से इजाजत लेनी होगी। इजाजत मिलने पर ऋषभ डगआउट में भी बैठ सकते है। ङ्खक्क के एक सोर्स ने क्कञ्जढ्ढ को बताया कि, ऋषभ हमेशा से ही दिल्ली कैपिटल्स के लिए टीम का एक अभिन्न हिस्सा रहे है। उम्मीद है की गुजरात के खिलाफ वह टीम में अवेलेबल रहेंगे। वह टीम के मालिक के साथ ड्ढद्धक्क बॉक्स में होंगे, लेकिन संभावना है कि वह कुछ देर के लिए डगआउट में भी आ सकते है। ङ्खक्क के हर सीजन में दिल्ली कैपिटल्स अलग जर्सी के साथ खेलती है। इस सीजन भी टीम ङ्खक्क में एक मैच के दौरान हर जेर्सी पर पंत के नंबर के साथ खेलेगी। इसके साथ ही टीम की जेर्सी का कलर भी अलग होगा। हालांकि, नंबर जेर्सी के एक कोने में छोटे अक्षर में होगा यह खिलाड़ियों के नंबर रूल का उल्लंघन नहीं करेगा। पंत ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए अब तक खेले 98 मैचों में 34.61 की औसत से 2,838 रन बनाए हैं। उन्होंने एक शतक और 15 अर्धशतक लगाए हैं। दरअसल 31 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग में इस बार ऋषभ पंत खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। पिछले साल 31 दिसंबर को दिल्ली से अपने घर रुड़की जाते वक्त पंत के कार का एक्सीडेंट हो गया था। जिसके बाद उन्हें गंभीर चोटें आई थी। उनके घुटने का ऑपरेशन हुआ है।

# सनराइजर्स के खिलाफ बड़ी जीत के बाद पंजाब किंग्स की चुनौती के लिए तैयार रॉयल्स

**गुवाहाटी।** सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार जीत से आत्मविश्वास से भरा राजस्थान रॉयल्स अपनी संतुलित टीम के दम पर बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के खिलाफ एक बार फिर मजबूत प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगा। पिछले साल के उप विजेता रॉयल्स ने 72 रन की जीत के दौरान रविवार को हैदराबाद की टीम को खेल के हर विभाग में पछाड़ा। सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल और बेहतरीन फॉर्म में चल रहे इंग्लैंड के सीमित ओवरों के कप्तान जोस बटलर तथा कप्तान संजू सैमसन के अर्धशतकों से रॉयल्स के बल्लेबाजों ने दबदबा



बनाया। टीम ने इसके बाद युजवेंद्र चहल (17 रन पर चार विकेट) और ट्रेंट बोल्ट (21 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी से सनराइजर्स के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त किया। पंजाब किंग्स ने भी हालांकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मोहाली में डकवर्थ - लुईस पद्धति के तहत सात रन की जीत के दौरान अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी क्षमता की झलक पेश की जिससे बुधवार को गुवाहाटी में होने वाले मुकाबले के रोमांचक होने की उम्मीद है। यह मैच रॉयल्स का %घरेलू' मैच होगा और पूर्वोत्तर को पहली बार आईपीएल मुकाबले की मेजबानी का मौका मिलेगा। रॉयल्स की बल्लेबाजी में गहराई है। युवा यशस्वी ने 37 गेंद में 54 रन की पारी के दौरान दर्शाया कि वह कितनी तेजी से परिपक्व हुए हैं जबकि बटलर ने पिछले सत्र की फॉर्म को बरकरार रखते हुए 22 गेंद में 54 रन की पारी खेली। मध्य क्रम में हालांकि देवदत्त पडिक्कल और रियान पराग सस्ते में आउट हुए लेकिन वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर ने टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। रॉयल्स की गेंदबाजी भी मजबूत नजर आती है। टीम के पास बोल्ट के रूप में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक है। इसके अलावा दो दिग्गज भारतीय स्पिनर चहल और रविचंद्रन अश्विन भी टीम का हिस्सा हैं और पंजाब की टीम को पता है कि इनके खिलाफ बारसापारा स्टेडियम में उनकी राह आसान नहीं होगी। पंजाब के पास शीर्ष क्रम में शिखर धवन के रूप में अनुभवी भारतीय बल्लेबाज है।

आई पी एल में आज जीटी बनाम डीसी

# लीग के इतिहास में दूसरी बार आमने-सामने होंगी, जानें पॉसिबल प्लेइंग-11 और इम्पैक्ट प्लेयर

**दिल्ली।** गुजरात टाइटंस (त्रञ्ज) मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स (ष्ठष्ट) के खिलाफ उतरेगी। मैच शाम 7~30 बजे से खेला जाएगा। पहला मैच हारने के बाद दिल्ली का फोकस इस सीजन में वापसी करने पर होगा। वहीं सीजन की पहली जीत के बाद गुजरात के इरादे मजबूत हैं। दोनों टीमें लीग के इतिहास में दूसरी बार ही आमने-सामने होंगी। डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात ने इस सीजन की शुरुआत जीत के साथ की। टीम ने घरेलू मैदान पर अपने पहले मुकाबले में चेन्नई को 5 विकेट से हराया। तब शुभमन गिल और राशिद खान ने उम्दा प्रदर्शन किया था। ष्ठष्ट के खिलाफ टीम के 4 विदेशी जोश लिटिल, डेविड मिलर, राशिद खान और अलजारी जोसेफ हो सकते हैं। इनके अलावा हार्दिक पंड्या, शुभमन गिल, यश दयाल और मोहम्मद शमी जैसे टॉप क्लास भारतीय खिलाड़ी भी टीम को मजबूती दे रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के लिए टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम को अपने पहले मुकाबले में लखनऊ के खिलाफ 50 रन




से हार का सामना करना पड़ा था। टीम उस हार को भूलकर इस मैच पर फोकस करना चाहेगी। त्रञ्ज के खिलाफ टीम के 4 विदेशी खिलाड़ी डेविड वार्नर, मिचेल मार्श, एनरिक नॉर्त्या और रोवमन पावेल हो सकते हैं। इनके अलावा पृथ्वी शॉ, चेतन साकरिया और अक्षर पटेल जैसे भारतीय खिलाड़ी भी टीम को मजबूती दे रहे हैं। हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस का यह लीग में दूसरा ही सीजन है। पहले सीजन में टीम ने सभी को चौंकाते हुए टॉप किया था। तब दोनों टीमें लीग स्टेज में 1 बार भिड़ी थीं। उस मुकाबले को गुजरात ने जीता था। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में पिच आमतौर पर बल्लेबाजों को मदद करती है। यहां आखिरी टी-20 मैच टीम इंडिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया था। दोनों टीमों ने 200 से अधिक रन बनाए थे। इस तरह यह हाई स्कोरिंग मैच हो सकता है। दिल्ली में मंगलवार को मौसम साफ रहेगा। बारिश की संभावना नहीं है। यहां का टेम्परेचर 19 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। गुजरात टाइटंस~ हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), विजय शंकर, राहुल तेवतिया, मोहम्मद शमी, राशिद खान, डेविड मिलर, जेशुआ लिटिल, यश दयाल और अल्जारी जोसेफ। दिल्ली कैपिटल्स~ डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी शॉ, मनीष पांडे, मिचेल मार्श/राइली रुसो, सरफराज खान (विकेटकीपर), रोवमन पावेल, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, चेतन साकरिया, खलील अहमद और एनरिक नॉर्त्या।

## सम्पादकीय

### अरुणाचल के कई हिस्सों का नाम बदलकर भारत को उकसा रहा चीन

*चीन की तरफ से अरुणाचल प्रदेश में 11 जगहों के नाम बदलने की ये घटना नई नहीं है. अब इस विषय में क्या ही बोला जाए, क्योंकि ये पहली बार तो कर नहीं रहे हैं. चूंकि वो इसे विवादित क्षेत्र मानते हैं और वो उसे अपना मानते हैं, जो भारत के हिस्से में है. वो अपने हिसाब से अपनी जमीन पर जो कार्रवाई कर रहे हैं, वो कर रहे हैं. इस पर हमारी तरफ से प्रतिक्रिया होनी चाहिए. ऐसा उनको कोई हक नहीं है क्योकि ये भारत की जमीन है और यही सिलसिला चलेगा. चूंकि पिछ्ली बार भारत की तरफ से काफी ठोस जवाब आया था, तो अब इस पर क्या विशेष कहा जाए? दोनों देशों के बीच विवाद चल रहा है तो उसी की प्रक्रिया में ये एक कदम है, जो चीन उठा रहा है. इसमें उकसाने वाली बात क्या है? यह कोई पहली बार तो हो नहीं रहा है. विदेश मंत्रालय में जो लोग हैं, वे तो इस बात से भली-भांति परिचित हैं कि चीन की ये पुरानी आदत है तो इसके ऊपर हमारी प्रतिक्रिया जाएगी. जो हमारे कब्जे में है, वो हमारे कब्जे में है. एक तरह से ये विवादित क्षेत्र को लेकर स्वाभाविक ही प्रतिक्रिया है कि दोनों ही देश जो जमीन का स्वामी खुद को समझते हैं, उसके आधिपत्य को लेकर उस हिसाब से कर रहे हैं. इसमें यही है कि दोनों देशों के ऊपर फिर एक तरह से विवाद है. हमें ध्यान देने की जरूरत है. इसमें मुद्दा क्या भटकाना है, ये तो सीमा-विवाद है न. अब तो ये क्षेत्रीय विवाद भी है. पूरा अरुणाचल प्रदेश पर वो अपना कब्जा बताते हैं. देखिए, ये तो पुरानी बात है. समय-समय पर उठती है, हमारी तरफ से प्रतिक्रिया जाती है. जब तक मसला सुलझेगा नहीं, तब तक तो यह चलता रहेगा. इसमें तो यही है कि आप अपनी स्वाभाविक प्रतिक्रिया दीजिए और क्या किया जा सकता है. अब तनाव तो बढ़ता ही है न. आपने एक और नया शोशा कर दिया. एक तरफ की आग बुझी नहीं कि आप दूसरी जगह पर भी शोशा छोड़ने लगे. तनाव की बात तो होती ही है, लेकिन ये नयी बात नहीं है, मैं ये कहने की कोशिश कर रही हूं. दोनो देशों के रिश्ते तो खटाई में हैं ही. सीमा पर तो खींचातानी चल ही रही है. कुछ साल से तो हम देख रहे हैं. एक तरह से चीन का जो हावी होने का रुख हम देख रहे हैं वो है हीं. वो हम सामने देख रहे हैं. अब इसमें तो नाम का भी वो एक आयाम डाल दे रहा है. खींचातानी तो चल ही रही है. इसमें हमको करना क्या है हमें तो इसे पूरी तरह नकार देना है, हमको इसका विरोध करना है, खंडन करना है. इसके अलावा और हो क्या सकता है..इसमें नाम के अलावा ऐसा तो है नहीं कि वे घुस आए हैं. तो हमें बस इसको पूरी तरह नकार देना है. मैं तो बस यहां नामों की बात कर रही हूं. बाकी तो झड़प वगैरह चल ही रही है. ओवरऑल जो एक सिचुएशन है, वो बहुत निगेटिव है. अभी दोनों देश उसको बातचीत से हल करने की कोशिश कर रहे हैं.*

# राइट टू हेल्थ बिल के खिलाफ हड़ताल खत्म

आप उस जीविका पर कैपिंग नहीं कर सकते. हर इंसान अपनी काबिलियत के अनुसार चार्ज करता है. इसके बावजूद और इससे जुड़े डॉक्टर जो भी कल्याणकारी योजनाएं हैं, हेल्थकेयर सर्विसेज के लिए जिनका रजिस्ट्रेशन होता है, उनको तो अपने हॉस्पिटल में प्रोवाइड करा रहे हैं न. उसमें ये क्लैरिटी भी नहीं है कि पेमेंट कैसे करेंगे, उसमें एंबिग्युटी है, इमरजेन्सी को लेकर एंबिग्युटी है, स्पेशलाइजेशन को लेकर एंबिग्युटी है, ट्रांसपोर्ट को लेकर एंबिग्युटी है, आप जबरदस्ती फोर्स कर प्राइवेट डॉक्टर्स को नहीं कह सकते कि वह सरकारी स्कीम से इलाज करे. जिन्होंने वेलफेयर की सरकारी स्कीम के तहत सहमति दी है, उनको आप कह सकते हैं. एकतरफा सख्त कार्रवाई करना तो संविधान के खिलाफ हे. राइट देता है जो सबको, उसके खिलाफ है. तो हम इस बिल में जो खामियां हैं, उसके खिलाफ हैं, राइट टू हेल्थ के खिलाफ नहीं हैं. राइट ऑफ हेल्थ तो हम कह रहे हैं, हेल्थ टू ऑल के लिए तो आइएमए लड़ रही है. ये लेकिन सरकार को करना है, प्राइवेट डॉक्टर्स ने नहीं करना है. ये मेडिकल पर चोट ही है, और क्या है. अगर आपके घर में कोई आ जाए और कहे कि घर खाली करो क्योंकि फुटपाथ पर जो लोग रह रहे हैं, उनको देनी है तो आपको कैसा लगेगा. ये तो वही बात है न कि कोई भी इमरजेन्सी में किसी डॉक्टर के पास जाओ और अगर वह इलाज नहीं करेगा तो आपने उसमें एक प्राधिकरण भी बना दिया है, जिसमें आपके पार्षद वगैरह सदस्य हैं. आप बताइए, अब डॉक्टर का यही काम रह गया है। आप कितनी जगह अपीलेट बनाएंगे, जबकि पहले से ही अपीलेट हैं.

राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार की तरफ से लाए राइट टू हेल्थ बिल के खिलाफ डॉक्टरों ने 4 अप्रैल को हड़ताल खत्म कर दी. खुद राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट कर इस बात का एलान किया सरकार की तरफ से इस पर उनकी कई मांगों को माने जाने के बाद ये सहमति बन पाई है. लेकिन मैं ये बतना चाहूंगा कि राइट टू हेल्थ इज द राइट टू पीपल, जैसे राइट टू फूड होता है, राइट टू एजुकेशन होता है. सभी गवर्नमेंट्स का यह कांस्टिट्यूशनल दायित्व है. एक वेलफेयर स्टेट होने के नाते ये सारी सरकारों कि जिम्मेदारी होती है कि वो पब्लिक के फेवर की, जो हमारे संविधान में लिखा गया है, पब्लिक के लिए काम करने को कहा गया है, वो सारे काम करें. उसमें राइट टू हेल्थ भी है. हालांकि, हो क्या रहा है कि जो सरकार की अपनी जिम्मेदारी है और शायद वो जिम्मेदारी निभा नहीं पा रही है. पूरी तरह तो वो ये प्राइवेट डॉक्टर्स के ऊपर डाल दे रहे हैं. ये जो बिल लाए हैं, हम लोग राइट टू हेल्थ के खिलाफ नहीं हें, ये जो राइट टू हेल्थ बिल लाई है राजस्थान सरकार, उस बिल में जो खामियां हैं, हम उसके खिलाफ हैं. अब उस बिल के अंदर वो लोग कह रहे हैं कि किसी भी इमरजेन्सी में, तो उन्होंने डिफाइन ही नहीं किया कि इमरजेंसी का मतलब क्या है। आम आदमी को तो हर बीमारी इमरजेंसी लगती है. दूसरी बात, उन्होंने उसमें लिखी है कि पेशेंट को ट्रांसपोर्ट करने की व्यवस्था भी डॉक्टर को ही करनी पड़ेगी. सभी डॉक्टर्स के पास तो एंबुलेंस नहीं होती, तो वो कैसे करेंगे ट्रांसपोर्ट, मरीजों को अगर कोई मरीज किसी के चैंबर में आ गया और वह डॉक्टर स्पेशलिस्ट नहीं उसका, वह तो कहेगा न कि दूसरे किसी को जाकर दिखाओ, तो डॉक्टर ट्रांसपोर्टेशन कैसे देगा..ये व्यावहारिक नहीं है.

जिस संविधान में राइट टू हेल्थ है, हम भी उसी संविधान के दायरे में आते हैं, हम भी इसी देश के नागरिक हैं, लेकिन वही संविधान हर किसी को अपनी जीविका अर्न करने का अधिकार भी देता है. आप उस जीविका पर कैपिंग नहीं कर सकते. हर इंसान अपनी काबिलियत के अनुसार चार्ज करता है. इसके बावजूद और इससे जुड़े डॉक्टर जो भी कल्याणकारी योजनाएं हैं, हेल्थकेयर सर्विसेज के लिए जिनका रजिस्ट्रेशन होता है, उनको तो अपने हॉस्पिटल में प्रोवाइड करा रहे हैं




न. उसमें ये क्लैरिटी भी नहीं है कि पेमेंट कैसे करेंगे, उसमें एंबिग्युटी है, इमरजेन्सी को लेकर एंबिग्युटी है, स्पेशलाइजेशन को लेकर एंबिग्युटी है, ट्रांसपोर्ट को लेकर एंबिग्युटी है, आप जबरदस्ती फोर्स कर प्राइवेट डॉक्टर्स को नहीं कह सकते कि वह सरकारी स्कीम से इलाज करे. जिन्होंने वेलफेयर की सरकारी स्कीम के तहत सहमति दी है, उनको आप कह सकते हैं. एकतरफा सख्त कार्रवाई करना तो संविधान के खिलाफ हे. राइट देता है जो सबको, उसके खिलाफ है. तो हम इस बिल में जो खामियां हैं, उसके खिलाफ हैं, राइट टू हेल्थ के खिलाफ नहीं हैं. राइट ऑफ हेल्थ तो हम कह रहे हैं, हेल्थ टू ऑल के लिए तो आइएमए लड़ रही है. ये लेकिन सरकार को करना है, प्राइवेट डॉक्टर्स ने नहीं करना है. ये मेडिकल पर चोट ही है, और क्या है. अगर आपके घर में कोई आ जाए और कहे कि घर खाली करो क्योंकि फुटपाथ पर जो लोग रह रहे हैं, उनको देनी है तो आपको कैसा लगेगा. ये तो वही बात है न कि कोई भी इमरजेन्सी में किसी डॉक्टर के पास जाओ और अगर वह इलाज नहीं करेगा तो आपने उसमें एक प्राधिकरण भी बना दिया है, जिसमें आपके पार्षद वगैरह सदस्य हैं. आप बताइए, अब डॉक्टर का यही काम रह गया है। आप कितनी जगह अपीलेट बनाएंगे, जबकि पहले से ही अपीलेट हैं. कमीशन है, आप कहीं कोर्ट में जा सकते हैं, अगर कोई शिकायत है तो आप कीजिए न. आप इतनी जगह अपीलेट बनाएंगे तो डॉक्टर का आधा टाइम तो इसी में निकल जाएगा. आप जो पॉलिसी बना रहे हैं, उसके स्टेकहोल्डर को तो बिल्कुल उसमें शामिल करना चाहिए. यह तो प्लैनिंग का बेसिक स्ट्रक्चर होता है. आप जो भी पॉलिसी बना रहे हैं, आइएमए को उसमें भागीदार बनाइए, हम अच्छी सलाह देंगे. मोटे तौर पर यह है कि इमरजेन्सी डिफाइन नहीं है. दूसरी बात, बाध्यता नहीं होनी चाहिए कि सभी को ये करना ही है. तीसरी बात जो ट्रांसपोर्ट को लेकर है कि हम कैसे मरीज के ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था करेंगे. चौथी बात कि पेमेंट की क्लैरिटी नहीं है कि पेमेंट कौन और कैसे करेगा...पांचवीं बात कि ये जो प्राधिकरण बन रहा है, उसकी क्या जरूरत है, गन पॉइंट पर रखकर आप प्राइवेट डॉक्टर्स को कैसे काम करवा सकते हैं. अंतिम बात यह है कि इस बिल की जो खामियां हैं उसे दूर कर एक व्यावहारिक बिल लाएं और उसे पहले छह महीने तक सरकारी अस्पतालों में चलाएं, देखें कि यह कैसे काम कर रहा है. फिर, जो कमियां हैं, उसे दूर करें, तब प्राइवेट इंस्टीट्यूशन्स के साथ लागू करें. जो डेजिग्नेटेड अस्ताल हैं. हम पॉलिटिशियन्स पर क्या कहें. हमारा तो काम है पढ़ना और सेवा करना. हमारे इन्हीं डॉक्टर्स ने राजस्थान को बचाया था. कोविड के दौरान राजस्थान की जनता के लिए इन्हीं डॉक्टरों ने काम किया है. यही डॉक्टर आज कैसे बदल गए. कोई दुष्प्रचार कर रहा है, मुझे नहीं पता कि कौन कर रहा है, लेकिन कुछ लोग यह कह रहे हैं कि डॉक्टर लोगों के खिलाफ है. डॉक्टर भला लोगों के खिलाफ कैसे हो सकते हैं, अभी छह महीने पहले तो आप इन्हीं डॉक्टर्स को भगवान बता रहे थे, कोविड के दौरान और अभी भी कोविड पूरा गया नहीं है. भगवान न करे फिर वैसी स्थिति हुई तो यही डॉक्टर फिर आपको बचाएंगे. लेकिन, उन डॉक्टर्स की ही जब आप गरदन घोंट देंगे, तो कैसे चलेगा? सरकार अपनी जिम्मेदारी डॉक्टर्स पर डाल रही है, ये गलत बात है.

# वतन पर कुर्बान होने वाले तनय मेरे है ज़िंदाबाद तू, सरहद की सीमाओं को सदियों तक रहेगा याद तू, नाज़ है वतन को तुझ पर है माँ भारत की प्यारी औलाद तू

मैं उस औलाद का पिता हूँ जिसने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने आप को कुर्बान कर दिया, सीने पर गोली खाकर दुश्मनों को मात दी और जग में मेरा नाम रोशन किया। आज बेटे के शहीद होने पर खुद को भाग्यशाली समझने वाला मैं कितना डरता था बेटे को फौज में भेजने से, सच में स्वार्थी था मैं। पर कौनसा बाप जीते जी अपने बेटे को मौत की कगार पर भेज दे, जहाँ पर ज़िंदगी का कोई भरोसा नहीं होता, कभी भी मौत बिना दस्तक दिए आ धमकती है। मानवीय मूल्यों में मोह अग्रसर होता है, मुझे भी अपने बेटे राहुल के प्रति बेतहाशा लगाव और मोह था। एक बार उसकी स्कूल में फैशन ड्रेस प्रतियोगिता थी, राहुल ने कहा पापा में फौजी बनूँगा एक रायफल और वर्दी खरीद कर दीजिए न, सारे दुश्मनों को यूँ मार दूँगा। उस पर राहुल को मैंने एक थप्पक लगाते कहा था खबरदार फौजी बनने का ख़याल भी मन में लाया तो, बनने के लिए और बहुत सारे किरदार है समझे। उस वक्त तो राहुल चुप हो गया पर कहते है न पुत्र के लक्षण पालने में ही दिख जाते है। राहुल के मन ने बचपन से जैसे ठान लिया था एक सिपाही बनना। ग्रेजुएट ख़त्म होते ही मैंने कहा और, आगे कौनसी लाईन लेना चाहता है मेरा बेटाक राहुल बोला पापा मैं आर्मी ज्वाइन करना चाहता हूँ। सुन कर ही मेरा खून जम गया। आज तो मैं हाथ भी नहीं उठा सकता था बेटा जवान जो हो गया था। दिल एक धड़क चूक गया, बेटे को खोने के डर से तन पसीज गया। मैंने कहा बेटा और कोई भी क्षेत्र चुन लो मैं तुम्हें फौज में नहीं जाने दूँगा, तू मेरा इकलौता बेटा है कल को तुझे कुछ हो गया तो मैं क्या करूँगाक तुम्हारी माँ भी नहीं रही मैं तो बिलकुल अकेला रह जाऊँगा, नहीं-नहीं मैं तुम्हें सरहद पर मरने नहीं भेज सकता। राहुल मेरे पास बैठा और मेरा हाथ अपने हाथ में लेते बोला, पापा सोचिए अगर सारे लोग आपकी तरह सोचेंगे तो मातृभूमि की रक्षा कौन करेगाक सरहद पर लाखों सिपाही दिन-रात सीना तानें डटे है। मायनस ज़ीरो डिग्री ठंड और 45 डिग्री तापमान झेलते, भूख-प्यास की परवाह किए बगैर तभी हम चैन की नींद सोते है। अगर सरहद पर जानें के लिए कोई तैयार ही नहीं होगा तो हमारा देश निराधार हो जाएगा। मुश्किल से हम अपनी मिट्टी को आज़ाद कर पाए है, सब ऐसा सोचेंगे तो दुश्मन के हाथों देश तबाह हो जाएगा। फिर मौत का क्या है एक दिन तो आनी ही है, व्यर्थ जीवन बिताने से बेहतर है क्यूँ न देश की सेवा करते बिताऊँ। हमारी रक्षा के लिए कई माँ-बाप ने अपना संतान मोह छोड़ कर अपने बेटों को भेजा ही है न सरहद पर, तो मैं क्यूँ नहीं जा सकता माँ भारती की रक्षा करने।

जिस परिस्थिति से मैं भाग रहा था आज सामना हो ही गया। मैंने कहा बेटा मैं इतना हिम्मत वाला नहीं कि तुझे खुद अपने हाथों मौत के आगे धर दूँ। राहुल ने कहा पापा आप नकारात्मक क्यूँ सोचते है मुझे कुछ नहीं होगा। आपको खुद का मनोबल मजबूत करना ही होगा मैं अब पीछे नहीं हटने वाला। आपको बिना बताए मैंने एप्लाय कर दिया था और सारी फोर्मालिटी पूरी कर ली है, आज्ञा दीजिए मेरा ऑर्डर आ गया है कल निकलना है। भारी हृदय से राहुल को फौज में भर्ती होने की संमती दी पर पल-पल दहशत में रहता था मैं। टीवी में न्यूज़ देखना बंद कर दिया था कि कहीं अचानक कोई डरावनी खबर न मिल जाए। राहुल को फौज में भर्ती हुए दो साल हो गए, आहिस्ता-आहिस्ता मैं सहज होने लगा। कारगिल से लेकर हर युद्ध में राहुल ने अपनी बहादुरी से परचम लहराए। कितने दुश्मनों को अकेले ने मार गिराया,



बेटे के बहादुरी के किस्से सुनकर सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। अब दिल ने स्वीकार कर लिया की राहुल का फैसला गलत नहीं था। आए दिन दुश्मन देश हमारी सरजमीं को बम धमाकों से रक्त रंजीत करके चले जाते थे। कितने मासूम लोग मारे जाते थे। जाँबाज़ सिपाहियों ने एक-एक को मुँह तोड़ जवाब देकर लताड़ा था। आतंकवाद ने हद पार कर दी थी, अब जाकर दुश्मन की नाक को पैरों की जूती तले दबाने में कामयाबी मिली जिसमें अपने बेटे का योगदान देखकर मुझे गर्व हो रहा था। ज़िंदगी अब सहज लग रही थी तो गौरी जैसी गुणवंती लड़की से राहुल की शादी कर दी और पोते विहान का दादा भी बन गया हूँ। अब घर हरा-भरा लगता है।राहुल हर पाँच महीने में एक बार घर आता है। पिछली बार दिवाली पर आऊँगा बोलकर गया था। आज दिवाली भी आ गई। बहू सारी तैयारियां कर रही है, घर की दहलीज़ पर रंगोली सजाई है, तोरण टंगे है, दीये जले है बस घर के चिराग का इंतकार है। सच में राहुल के आते ही घर में रौनक आ जाती है, बहू का चेहरा खिल जाता है, बस अब जल्दी से राहुल आ जाए। मैं विहान के साथ पटाखें जलाकर खुशियाँ मना रहा था। यहाँ चारों दिशाओं से पटाखों की गूँज सुनाई दे रही थी, पर हमें क्या पता सरहद पर बम और बंदूकों से गोले बारुदों की बौछार हो रही थी। अचानक से दुश्मन देश ने हमला कर दिया था। इधर हम दीये में तेल सिंचकर रोशनी कर रहे थे और उधर हमारे घर का चिराग सीने पर गोली खाते बूझ रहा था। पड़ोसी रमेश दुबे जी की बेटी आरती ने आकर कहा अंकल जल्दी से टीवी चालू कीजिए, देखिए न्यूज़ में क्या दिखा रहे है। मैंने काँपते हाथों से रिमोट उठाया और टीवी चालू किया कि सरहद पर दुश्मनों से लड़ते हुए मेजर राहुल तिवारी शहीद हुए इन शब्दों को सुनते ही एक दहशत मेरी रूह को झकझोर गई। मेरी आँखों के आगे अंधेरा छाने लगा, मैंने बहू को आवाक लगाई। बहू ने आकर कहा क्या हुआ पापाक मैंने टीवी की तरफ़ ऊँगली की पति का शव देख गौरी ने कुछ पलों के लिए आँखें बंद कर ली, फिर सलाम करते जयहिन्द बोली और मुझे संभालते हुए बोली, पापा खड़े हो जाईये मेरी चिंता मत कीजिए मुझे अपने पति पर गर्व है। आपके बेटे ने गोली सीने पर खाई है पीठ पर नहीं और सिपाही आम मौत नहीं मरते, शहिदी उनकी लकीरों में लिखी होती है। एक दिन तो ये होना ही था, जज़्बा रखिए अभी तो हमें विहान को भी देश का सिपाही बनाकर सरहद पर भेजना है। गौरी की हिम्मत और हौसला देखकर भी मैं इस सच्चाई को पचाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। महज़ तीस साल की गौरी को मैं ताज़िंदगी विधवा के रुप में कैसे देख पाऊँगा ये सोचकर कलेजा मुँह को आ गया। ज़िंदगी भर जिस परिस्थिति से हम डरते है, भागते है कुदरत वो हमारे सामने परोस ही देती है। दूसरे दिन जवान बेटे का निश्चेतन शरीर देखकर सीना फटा जा रहा था, आँखें बेतहाशा रोए जा रही थी भविष्य डरावना लग रहा था। ऐसा महसूस हो रहा था मानों पूरी दुनिया में अंधेरा छा गया है, सुनने समझने की शक्ति चली गई थी। जवान बेटे को कँधा देकर चिता पर सुलाना एक पिता के लिए सीना चीर देने वाली घटना होती है। बेशक भीतर से मैं नखशिख टूट रहा था, हाथ पैर काँप रहे थे पर जब कफ़न के रुप में बेटे के तन पर तिरंगे को पाया तो सर फ़ख्र से ऊँचा हो गया, छाती चौडी हो गई और गरदन गर्व से ऊँची हो गई। उस पर भी सेना के नौजवानों की सलामी के संग जब खुद प्रधानमंत्री जी ने मेरे बेटे के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि देते सलामी दी तब इस अदना से पिता को लगा की दुनिया का सबसे सम्मानीय और धनवान इंसान मैं ही हूँ। लगा कि मौत हो तो ऐसी जिसकी मृत्यु पर पूरे देश को फ़ख्र हो।पंडित जी ने विहान के हाथ में मटकी देकर आगे किया तब मेरी नज़र गौरी पर गई, गजब की हिम्मत थी इस लड़की में। गौरी की आँखों में आँसू की जगह खुमारी थी एक शहीद की पत्नी कहलाने की। विहान को उसके पिता के आख़री दर्शन करवाते बोली, बेटा पापा के सर पर हाथ रख कर कसम उठाओ कि मैं भी बड़ा होकर सिपाही बनूँगा और देश की सेवा करूँगा। विहान ने जब कसम उठाई तो आज मुझे डर नहीं लगा बल्कि फ़ख्र महसूस हुआ की मेरे खानदान में वीर पैदा हुए है। अपने खून पर नाज़ हुआ। और खासकर आज गौरी के तेवर और खुमारी ने मेरे अंदर एक उर्जा और आत्मविश्वास का बीज बो दिया। एक डरपोक पिता आज बेटे को खोकर भी हिम्मतवान बन गया था। आज गर्व से कहूँगा कि मैं एक जाँबाज़ सिपाही का पिता हूँ जिसने हँसते-हँसते मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने आप को कुर्बान किया। जय हिन्द।

**भावना ठाकर भावु बेंगलोर**

## सूचना

श्री सचिन वर्मा पुत्र श्री रतनलाल वर्मा की दुकान हैं 4 नम्बर दुकान खुला संतर मार्केट की दुकान श्री पुष्पेन्द्र बाथम पुत्र श्री रतनलाल बाथम ने क्रय कर ली हैं। इनका नामांतरण नगर निगम में दर्ज कराने हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। यदि किसी को आपत्ति हो वो 15 दिवस के अन्दर नगर निगम कार्यालय हेड ऑफिस में उपायुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेन्टर में राजस्व विभाग मे दर्ज करा सकते हैं

**आज्ञा**
**उपायुक्त**
**नगर निगम ग्वालियर**

# मालनपुर में हुआ ऊर्जा मंत्री मंत्री का स्वागत





**पुष्पांजली टूडे संवाददाता मालनपुर पहलवान सिंह राजावत**

**मालनपुर/** आज औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर के प्रवास पर आये मध्यप्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री प्रधुमन सिंह तोमर व भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा भी का मालनपुर के युवा नेता सचिन शर्मा के नेतृत्व में मालनपुर पुलिस थाने के पास पेट्रोल पम्प पर भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ ढोल नगाड़ों व आतिशबाजी चलाकर ऊर्जा मंत्री का मालनपुर में ज़ोरदार स्वागत किया गया व मालनपुर में डिग्री कॉलेज खोलने को लेकर भी चर्चा की सभी ने ऊर्जा मंत्री से डिग्री कॉलेज मालनपुर में खोले जाने को लेकर आश्वासन भी दिया है कार्यक्रम के अंत में मंत्री को शॉल श्री फल देकर सम्मान किया और मंत्री ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा की आपके द्वारा जो सम्मान दिया गया हे उसका हम सभी ह्रदय से धन्यवाद देते है स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सचिन शर्मा, राहुल सिंह, राजवीर शर्मा, हलीम खान, विकाश , सूरज, विनय, भुजवल सिंह, कल्लू, राजेश सिंह,पवन सिंह,हरी सिंह,संजय कुशवाह सहित अनेक कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. बाबू जगजीवनराम की जयंती मनाई



**ग्वालियर।** पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम एक राष्ट्रीय नेता, स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक न्याय के योद्धा, दलित वर्गों के समर्थक, सच्चे लोकतंत्रवादी, उत्कृष्ट केन्द्रीय मंत्री, योग्य प्रशासक और असाधारण मेधावी वक्ता थे यह बात आज ग्वालियर पूर्व से विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने फूलबाग स्थित समता पार्क में आयोजित किये गये बाबू जगजीवन राम जी की जयंती कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में बाबू जगजीवन राम की मूर्ति पर पुष्पामाला पहनाकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष अमर सिंह माहौर, चतुर्भुज धनोलिया, जिला संगठन मंत्री सुरेन्द्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, देवेन्द्र, महादेव अपोरिया, अनूप शिवहरे, पार्षद प्रमोद खरे, सुरेन्द्र साहू, अंकित कठठ्ल आदि मौजूद रहे।विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कहा कि बाबू जगजीवन राम ने भारतीय राजनीति में प्रतिबद्धता, सम्पर्ण और निष्ठा के साथ अर्ध-शताब्दी तक कार्य किया। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि जाति आधारित भेदभाव का सामना करने के बाबजूद जगजीवन राम ने बनारस हिन्दू विश्व विद्यालय से विज्ञान में इंटर की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। संगठनों के माध्यम से बाबू जगजीवन राम ने दलित वर्गों को स्वतंत्रता संग्राम में शामिल किया। जगजीवन राम का विचार था दलित नेताओं को न केवल समाज सुधार के लिए संघर्ष करना चाहिए बल्कि राजनीतिक, प्रतिनिधित्व की मांग भी करनी चाहिए। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि बाबू जगजीवन राम अपने जीवन में कई राजनैतिक उच्च पदों पर रहे। बाबू जगजीवन राम ने केन्द्रीय मंत्री के रूप में लोकसभा में अनेक विधेयक पेश किए और संसद में उन्हें पारित करवाया। स्वातन्त्रयोत्तर भारत में राष्ट्र निर्माण में बाबूजी का बडा योगदान रहा। उन्होने युवाओं का आव्हान किया कि वे बाबू जगजीवन राम जी के कार्यो को पढे और समझे। इस मौके पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि बाबूजी ने देश की आजादी और सर्वागींण विकास में अहम भूमिका का निर्वाह किया। उन्होंने कहा कि सत्य-अंहिसा की अवधारणा के साथ बाबूजी स्वंतत्रता आंदोलन में आये

# मर्सी होम की भूमि का 15 दिन में सीमांकन कराया जाएः दीपक सिंह




**ग्वालियर7** संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने मर्सी होम की भूमि का 15 दिन में सीमांकन कराकर नगर निगम के माध्यम से बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कराने के निर्देश दिए हैं। ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला प्रबंध समिति की 59 बैठक बुधवार को संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में मानसिक आरोग्यशाला के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। प्रबंध समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है कि मानसिक आरोग्यशाला के भवन पर सोलर सिस्टम स्थापित किया जाए। इसके साथ ही मानसिक आरोग्यशाला में एनीथीसिया विशेषज्ञ की सेवाएँ लेने का निर्णय लिया गया। इथीकल कमेटी गठित करने का भी निर्णय लिया गया। मानसिक आरोग्यशाला की खुली भूमि पर बागवानी, फल एवं सब्जियों को उगाने हेतु निविदा आमंत्रित कर एजेंसी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। लोक निर्माण विभाग के माध्यम से 5 लाख तक की सीमा में मानसिक आरोग्यशाला के भवन में मरम्मत कार्य कराए जाने का भी निर्णय लिया गया। आरोग्यशाला में 400 बिस्तर ब?ोत्तरी प्रस्ताव के संबंध में बताया गया कि मध्यप्रदेश बिल्डिंग डवलपमेंट कॉर्पोरशन के माध्यम से प्रथम चरण की डीपीआर तैयार कर ली गई है, जिसकी स्वीकृति प्राप्त होते ही कार्य प्रारंभ किया जायेगा। बैठक में एडीएम एच बी शर्मा, अपर आयुक्त नगर निगम आर के श्रीवास्तव, संचालक मानसिक आरोग्यशाला डॉ. लहारिया, क्षेत्रीय प्रबंधक स्वास्थ्य, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सहित लोक निर्माण विभाग और मानसिक आरोग्यशाला के चिकित्सकगण उपस्थित थे।

# ऊर्जा मंत्री तोमर ने मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के बनाए गए अतिरिक्त शिविरों का किया निरीक्षण




**ग्वालियर 7** प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के ई-केवायसी एवं फार्म भरने के लिए बनाए गए अतिरिक्त शिविरों का निरीक्षण किया एवं शिविर में आईं बहनों के फर्मो की अद्यतन स्थिति जानी फिर खुद ने बहनों के फार्म भी भरे इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में आने वाली बहनों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो यह सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विशेष शिविर का लाभ ज्यादा से ज्यादा बहनों को मिले इसके लिए जिन वार्डों में शिविर लगाये जा रहे हैं वहां प्रचार प्रसार भी हो जिससे अधिक बहनें अपना फार्म भर सकें। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिये प्रदेश में लागू की गई मुख्यमंत्री ला?ली बहना योजना के फार्म भरने में बहनों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए ये अतिरिक्त शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने शिविर में बहनों के लिए बैठने व पेयजल के साथ ही नास्ते की व्यवस्था की। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी योजना है। 10 जून से सभी बहनों के खाते में 1000 रूपये डाले जाएगें। इसके साथ ही कहा कि वृद्धा, विकलांग व कल्याणी पेंशन के भी 1000 रूपये कर दिए हैं। यह शिविर 30 अप्रैल तक इसी प्रकार निरंतर गति से संचालित होते रहेगें। इसलिए आप चिंता न करें सभी बहनों के ई-केवायसी के साथ ही फार्म भी भरे जाएगें। यह विशेष शिविर वार्ड नम्बर 12 लाईन नं.-1 बिरला नगर, वार्ड 10 आउखाना अरवाडा केशवबाग, वार्ड 4 इन्द्र नगर आंगनवाडी भवन, वाड्र 5 शील नगर मेंहदपुर वाली गली, वार्ड 2 गुरूप्यारी भवन शब्द प्रताप आश्रम एव वार्ड 1 जाटव मौहल्ला में आयोजित किए जा रहे हैं। ऊर्जा मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर ने वार्ड 16 स्थित न्यू कॉलोनी नं 3 में 3 लाख 50 हजार रुपये की लागत से बनाई जा रही सी सी रोड का भूमि पूजन किया और कहा की उपनगर ग्वालियर में विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे। सभी क्षेत्र वासी मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के फार्म भरवाने में मदत करें। एक भी बहन योजना के लाभ लेने से वंचित नहीं रहना चाहिए। इस अवसर पर पार्षद श्री महेंद्र आर्य सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




## जीवाजी विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में उड़नदस्ते का छापा, हथेली पर नकल, 29 नकलची पकड़े

**ग्वालियर।** जीवाजी विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में 29 नकलची पकड़े गए। सबसे पहला दल कुलपति के नेतृत्व में मुरैना गया। कुलपति को देखते ही परीक्षा सेंटर में हड़कंप मच गया। इस परीक्षा में नकल न हो इसके लिए उड़नदस्ते तैनात किए गए। खास बात यह है कि एक ही दिन में दो पालियों में हुई परीक्षा में 29 नकल प्रकरण बनाए गए है। वहीं जीवाजी विश्वविद्यालय के परीक्षा भवन आज सुबह की पाली में कराई गई बीबीए तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में एक छात्र और एक छात्रा को रंगेहाथों नकल करते पकड़ लिया। बीबीए मै कंज्यूमर बिहेवियर विषय का पेपर था,जिसके प्रश्नों को हल करने के लिए यह दोनों ही हाथ की हथेली पर नकल लिखकर लाए थे।चुपचुप तरीके से नकल को अंजाम दे रहे थे,इसी बीच जेयू के उड़नदस्ते ने कक्ष में छापा मारा और दोनों नकलचियों को पकड़ कर प्रकरण दर्ज कर दिया।हाथ पर लिखी नकल का फोटो खींचा, जिसका प्रिंट आउट निकालकर कॉपी के साथ संलग्न किया।छापा मारने के लिए कंट्रोल रूप प्रभारी प्रो. हेमंत शर्मा और सह प्रभारी डॉ.विमलेन्द्र राठौर पहुंचे थे।उन्होंने परीक्षा भवन के सभी कक्षों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई विद्यार्थियों की तलाशी भी ली। परीक्षा भवन में सुबह की पाली में करीब 1100 विद्यार्थियों की परीक्षा हुई।जिनमें बीए तृतीय,बीबीए, बी-फार्मा सहित एमपीएड के छात्र- छात्राएं शामिल थे।

**मुरैना के सेंटरों पर कुलपति की टीम ने पकड़े आठ नकलची**-कुलपति प्रो. अविनाश तिवारी का विशेष उड़नदस्ता भी आज सुबह मुरैना के परीक्षा केन्द्रों पर औचक निरीक्षण करने करने पहुंचा।कुलपति के दस्ते ने सेंटरों पर छापा मारा। इस दौरान कुलपति के दस्ते ने अलग- अलग सेंटरों पर करीब एक दर्जन नकलची परीक्षार्थियों को पर्चियों और सीरिजों के साथ रंगेहाथ पकड़ा।वीसी के उड़नदस्ते की सूचना लीक भी हो गई। कुलपति ने छात्रों को नकल से बचने की नसीहत दी।

# संभागीय आयुक्त ने परियोजना अधिकारी गुना को किया निलंबित



**ग्वालियर** 7 संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने कर्तव्य के प्रति उदासीनता, लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शित करने के आरोप में परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना गुना ग्रामीण सुश्री दीपा शर्मा को निलंबित करने के आदेश पारित किए हैं। निलंबन अवधि में सुश्री शर्मा का मुख्यालय कलेक्ट्रेट कार्यालय जिला गुना रहेगा तथा निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने गुना कलेक्टर के प्रतिवेदन पर उक्त आदेश पारित किया है। गुना कलेक्टर ने अपने प्रतिवेदन में बताया है कि भारत सरकार के नीति आयोग के प्रभारी एवं अपर सचिव श्री आशीष श्रीवास्तव एवं कलेक्टर द्वारा आंगनबा?ी केन्द्र छीपोन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनेक अनियमिततायें पाई गईं। इसके साथ ही हितग्राहियों का कोई रिकॉर्ड भी उपलब्ध नहीं पाया गया। कलेक्टर द्वारा उक्त कार्य को घोर लापरवाही मानते हुए एकीकृत बाल विकास परियोजना गुना ग्रामीण को नोटिस जारी कर तीन दिवस में उत्तर चाहा गया। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त उत्तर भी संतोषजनक न पाए जाने पर कार्रवाई करने हेतु प्रतिवेदन संभागीय आयुक्त को भेजा गया।




स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478